RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 दिव्या खोसला और भूषण में...

वर्ष : 26 | अंक : 66 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 26 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# किसानों की 'ट्रैक्टर मार्च' से हुंकार

## हाईवे पर लगाई ट्रैक्टरों की कतार, पुलिस मुस्तैद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** संयुक्त किसान मोर्चा के आहवान पर गौतमबुद्धनगर जनपद के नोएडा व ग्रेटर नोएडा में किसानों का ट्रैक्टर मार्च शुरू हो गया है। लेकिन नोएडा पुलिस ने रबूपुरा के मेंहदीपुर से फलैंदा कट तक यमुना एक्सप्रेस-वे के नीचे किसानों के ट्रैक्टर मार्च को रोक दिया। जिसके बाद किसान वहीं धरने पर बैठ गए। किसानों के ट्रैक्टर मार्च के आहवान को देखते हुए जिले में धारा-144 लगा दी गयी है। दिल्ली और नोएडा के सभी प्रवेश और निकासी द्वारों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। नोएडा पुलिस ने किसानों ने ट्रैक्टर मार्च को देखते हुए ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग इलाकों से किसानों का ट्रैक्टर मार्च शुरू हो चुका है. बड़ी तादाद में ट्रैक्टर लेकर किसान यमुना एक्सप्रेसवे पर जाने की कोशिश कर रहे हैं, हालांकि, नोएडा पुलिस ने अहतियात बरतते हुए यमुना एक्सप्रेसवे के एंट्री पॉइंट को ही ब्लॉक कर दिया है। पुलिस किसी भी हालत में किसानों को यहां से आगे बढ़ने नहीं देना चाहती है. ताकि आगे ट्रैफिक व्यवस्था खराब ना हो।



आज सुबह किसान ग्रेटर नोएडा, जेवर व अन्य स्थानों से ट्रैक्टर लेकर रबूपुरा के मेंहदीपुर पहुंचे जहां से ट्रैक्टर मार्च शुरू हुआ। किसानों ने लुहारली टोल प्लाजाा एवं महामाया फ्लाईओवर पर से भी ट्रैक्टर मार्च निकाला। भाकियू टिकैत ग्रुप के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि किसान शांति पूर्वक ट्रैक्टर मार्च निकाल रहे हैं और किसी भी तरह से हाईवे पर यातायात को बाधित नहीं किया जा रहा है।

### सरकार हमारी बात सुने, किसानों को न भूले : टिकैत



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता व किसान नेता राकेश टिकैत का कहना है कि वह संयुक्त मोर्चा की बैठक के लिए चंडीगढ़ गये थे। उन्होंने 6 सदस्यीय कमेटी बनाई है। इसका गठन संयुक्त मोर्चा से अलग सभी किसान संगठनों से बातचीत करने के लिए किया गया है। अगर कोई संगठन संयुक्त मोर्चा में शामिल होना चाहता है तो वह समिति से बातचीत कर सकता है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि ट्रैक्टर मार्च के दौरान किसान दिल्ली नहीं जाएंगे और सभी हाईवेज पर प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले फसलों के लिए एमएसपी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे किसान सोमवार को एक बार फिर ट्रैक्टर मार्च निकाल रहे हैं। इसे देखते हुए दिल्ली की सभी सीमाओं और एनसीआर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। किसान मोर्चा ने ऐलान किया था कि सोमवार को हाईवे पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक ट्रैक्टरों की कतार खड़ी की जाएगी। किसान उत्तराखंड के भूरा खेड़ी चेकपोस्ट से लेकर दिल्ली से लगते गाजीपुर बॉर्डर तक हाईवे पर ट्रैक्टर खड़े करेंगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### ज्ञानवापी पर हाईकोर्ट का फैसला

# व्यास तहखाने में जारी रहेगी पूजा



**प्रयागराज ( एजेंसी )।** वाराणसी की ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज करते हुए व्यास तहखाने में हिंदू पक्ष की पूजा को जारी रखने का आदेश दिया है। इसे मुस्लिम पक्ष को एक झटका माना जा रहा है।

इससे पहले वाराणसी जिला अदालत ने भी इस मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिसके खिलाफ ही मुस्लिम पक्ष इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंचा था। हालांकि, यहां से भी मुस्लिम पक्ष को निराशा ही हाथ लगी और इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिंदुओं की पूजा का अधिकार सुरक्षित रखा है। हालांकि, मुस्लिम पक्ष के पास अभी सुप्रीम कोर्ट जाने का विकल्प खुला हुआ है और संभवतः अब मुस्लिम पक्ष का अगला कदम सुप्रीम कोर्ट ही होगा। मुस्लिम पक्ष का दावा था कि डीएम को वाराणसी कोर्ट ने रिसीवर नियुक्त किया है, जो पहले से काशी विश्वनाथ मंदिर के सदस्य हैं। इसलिए उनको नियुक्त नहीं किया जा सकता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कबूतरबाजी : इराक में नौकरी के नाम पर बड़ी जालसाजी, मेडिकल के बाद थमाया हवाई टिकट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इराक में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक ठग ने कई व्यक्तियों से लाखों रुपए ठग लिए। आरोपी ने पैसे लेने के बाद विदेश जाने वाले लोगों का मेडिकल करवाया और इराक जाने के लिए हवाई जहाज की टिकट भी दे दी।

मूल रूप से जनपद देवरिया निवासी रंजन शर्मा सेक्टर 44 की गली नंबर 2 में रहकर वेल्डिंग का काम करता है। रंजन शर्मा के मुताबिक उसे इराक के शहर इरविन में फाल्कन ग्रुप कंपनी में नौकरी के लिए जाना था। इसके लिए उसने मोबाइल पर सर्च किया तो उसे अमन शर्मा नामक व्यक्ति का फोन नंबर मिला। अमन शर्मा ने उसे इराक भेजने का आश्वासन दिया और उससे पासपोर्ट में अन्य दस्तावेज मंगवा लिए अमन ने फीस के रूप में अपनी कंपनी ग्लोबल ओवरसीज के खाते में 60000 रूपये ट्रांसफर करवा। लिए इसके बाद उसने दिल्ली में मेडिकल करने तथा इराक की टिकट के नाम पर 45000 रुपए और ले लिए। अमन शर्मा ने उसे इराक जाने की हवाई जहाज की टिकट दे दी लेकिन जब वह अमन शर्मा के सेक्टर-66 स्थित ग्लोबल ओवरसीज ऑफिस पर अपना पासपोर्ट लेने पहुंचा तो उसे वहां ताला लगा मिला। इसके बाद वह दिल्ली स्थित ग्लोबल ओवरसीज के कार्यालय पहुंचा तो वहां से पता चला कि उसका पासपोर्ट नोएडा के ऑफिस में है। नोएडा वापस आने पर जानकारी मिली कि अमन शर्मा लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी का शिकार बनाता है उसके कार्यालय पर कई अन्य लोग भी ठगी के शिकार मिले।

आरोपी अमन ने रंजन शर्मा के अलावा हैदर अली, छोटन, ईश्वर चंद, राकेश वर्मा, सोनू कुमार कुशवाहा, रामायण कुमार यादव, पिंटू यादव, मोहम्मद आसिफ को भी अपनी जालसाजी का शिकार बनाया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## स्कूल जाती है बेटी तो रास्ते में छेड़ता है मनचला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 में मनचले ने एक छात्रा का जीना मुहाल कर रखा है। स्कूल के लिए निकली छात्रा को मनचला सरेआम छेड़ता है। मनचले ने तमाम हदों को पार करते हुए छात्रा की फोटो वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसों की मांग शुरू कर दी है। छात्रा की मां ने थाना सेक्टर 39 में मनचले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से जनपद बुलंदशहर निवासी विमलेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह हाल में सलारपुर के साई मंदिर के पास रह रही है। उनकी बेटी भंगेल के एक स्कूल में पढ़ती है। बीते दिनों उसकी बेटी ने बताया कि जब वह स्कूल जाती है तो उसे रास्ते में सानू नाम का लड़का आते-जाते छेड़ता है। सानू उसकी फोटो वायरल (शेष पृष्ठ-3 पर)

### नफे राठी हत्याकांड : बेटे का बड़ा आरोप

# भाजपा ने करवाई हत्या

● **हमलावरों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार नहीं**

**चंडीगढ ( एजेंसी )।** हरियाणा में इस समय राजनैतिक पारा चढ़ा हुआ है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के बाद राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। हत्या के खिलाफ नफे के परिजन धरने पर बैठ गए हैं। हमलावरों ने करीब 50 राउंड फायरिंग की और हमले में नफे सिंह और उनके एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई। जबकि 3 निजी सुरक्षागार्डों को भी आई चोटें आई हैं। नफे सिंह पर गोलियां बरसाने वाले हमलावरों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। कार में पांच लोग सवार थे जिसमें से दो हमलावरों की तस्वीरें दिख रही हैं।

इस वारदात को लेकर बहादुरगढ़ के लाइनपार थाना में 26 फरवरी 2024 को गाड़ी चालक व नफे राठी के भांजे राकेश उर्फ संजय के बयान पर मामला दर्ज हुआ है। यह केस आइपीसी की धारा-147, 148, 149, 307, 302, 120बी, 25-27- 54-59 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है और पूर्व विधायक नरेश कौशिक समेत 7 सात लोगों को आरोपी बनाया गया है।

वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर गाड़ी चालक व नफे राठी के भांजे राकेश उर्फ संजय सिंह को धमकी देते हुए कहकर गए कि, 'तुझे जिंदा छोड़ रहे हैं, जाकर इनके घर बता दियो।'चालक के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने राकेश उर्फ संजय के बयान पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक, पूर्व चेयरमैन और मौजूदा चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी और चाचा ससुर कर्मवीर राठी, देवर कमल राठी, पूर्व मंत्री मांगेराम राठी के पुत्र सतीश राठी, पोते गौरव व राहुल व पांच अन्य के खिलाफ किया मामला दर्ज किया है।



### हत्या में बीजेपी नेताओं का हाथ : जितेन्द्र राठी

नफे सिंह के बेटे ने कहा है कि जब तक उसके पिता के हत्यारों को पुलिस पकड़ नही लेती तबतक वह शव का पोस्टमार्टम नही करने देंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे शक है मेरे पिता की हत्या में बीजेपी के लोकल लीडर्स का हाथ है। पुलिस प्रशासन चुप बैठी है मेरे और मेरे परिवार को सुरक्षा नही मिल रही है। मेरे पिताजी पांच साल से सुरक्षा की मांग कर रहे थे। मेरे पिताजी राष्ट्रीय लीडर थे। सभी राजनीतिक पार्टी को मेरे पिताजी के हत्या से पहले सपोर्ट करना चाहिए।

## प्राधिकरण की जमीन पर बनाये अवैध बहुमंजिला फ्लैट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अर्जित व कब्जा प्राप्त भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग तथा बहुमंजिला फ्लैटों का निर्माण करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि जिस भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है उस पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश दिया हुआ है। आरोपी न्यायालय के



आदेश की भी अवहेलना करते हुए लगातार निर्माण कार्य कर रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सर्किल-3 के सहायक प्रबंधक गौरव ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बिसरख जलालपुर गांव में 5.1620 हेक्टेयर भूमि प्राधिकरण की अर्जित कब्जा प्राप्त भूमि है। इस भूमि पर भू स्वामियों व प्राधिकरण के बीच विवाद चल रहा है। यह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने भूमि पर स्थगन आदेश पारित किए हुए हैं। इसके पश्चात भी सरकारी भूमि पर अवैध तरीके (शेष पृष्ठ-3 पर)

## फर्जी बैंक मैनेजर एसी लेकर हुआ रफूचक्कर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** खुद को बैंक मैनेजर बता कर शोरूम से एसी मंगवाने वाला जालसाज बिना पैसे दिए एसी को लेकर रफू चक्कर हो गया। शोरूम संचालक ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है। टप्पल रोड पर जैन इंटर कॉलेज के सामने हरि जी फर्नीचर का शोरूम चलने वाले ललित कुमार अग्रवाल ने बताया कि 23 फरवरी को उनके मोबाइल पर अमित कुमार नामक व्यक्ति की कॉल आई। उक्त व्यक्ति ने उनसे एसी के रेट पूछने के बाद एक एसी खुर्जा रोड पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गूगल पर साइबर ठग सक्रिय हेल्पलाइन नंबर लेकर फंसा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** साइबर ठग अब गूगल के जरिए भी लोगों को अपनी ठगी का निशान बना रहे हैं। साइबर ठग विभिन्न कंपनियों के ग्राहक सेवा केंद्र पर अपना नंबर रजिस्टर करा कर लोगों को चूना लगा रहे हैं। गूगल से हेल्पलाइन का नंबर लेकर बैंक खाता चालू कराने का प्रयास करना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। साइबर ठग ने फोन पर खाते की जानकारी लेकर लाखों रुपए का चूना लगा दिया।

सेक्टर 128 केलिप्सो कोर्ट जेपी ग्रीन विश टाउन सोसायटी में रहने वाले दिलीप मिश्रा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके तथा उनकी पत्नी का दिल्ली के ग्रीन पार्क स्थित केनरा बैंक की ब्रांच में जॉइंट खाता है। उसे कुछ दिनों से उनका खाता सक्रिय नहीं था खाते को दोबारा चालू करने के लिए उन्होंने बीते 9 फरवरी को गूगल के जरिए ग्राहक सेवा केंद्र का नंबर लिया। उन्होंने उक्त नंबर पर कॉल की लेकिन कुछ देर बात करने पर फोन (शेष पृष्ठ-3 पर)

### बीएसएफ के रिटायर्ड आईजी से साइबर ठगी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** तकनीकी युग में साइबर ठग तकनीक का पूरा फायदा उठा रहे हैं। अनपढ़ों के साथ-साथ पढ़े-लिखे लोग भी साइबर ठगों का शिकार बन रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नोएडा में प्रकाश में आया है जहां साइबर ठग ने बीएसएफ के रिटायर्ड आईजी को अपना शिकार बना कर उनके खाते से हजारों रुपए निकाल लिए। रिटायर्ड आईजी ने अपना टिकट कैंसिल करने के लिए गूगल के जरिए प्रयास किया इस दौरान वह साइबर फ्रॉड का शिकार हो गए। नोएडा के सेक्टर-45 स्थित एनआरआई रेजिडेंसी में रहने वाले बी शर्मा बीएसएफ से रिटायर्ड आईजी हैं। बीते दिनों ने उन्होंने अपनी यात्रा के लिए ट्रेन का टिकट बुक कराया था। किसी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मार्केट के सामने खड़ी तीन कारों के शीशे तोड़े

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कारों का शीशा तोड़कर महंगा सामान चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों ने थाना बिसरख क्षेत्र में तीन वारदातों को अंजाम दिया। बदमाशों ने तीन कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया पीड़ितों ने थाना बिसरख में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



ग्रेटर नोएडा वेस्ट रॉयल नेस्ट अपार्टमेंट में रहने वाले अनुराग ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी कार से घर का कुछ सामान लाने के लिए समृद्धि ग्रैंड सोसायटी के पास गया था। उन्होंने अपनी कार को रॉयल नेक्स्ट सोसायटी के पास खड़ा कर दिया कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो कार का शीशा टूटा हुआ तथा उसमें रखा लैपटॉप चेक बुक पासबुक डेबिट क्रेडिट कार्ड गाड़ी की चाबी गायब मिली।

निराला एस्टेट सोसाइटी में रहने वाले वेदनात गंजू ने दर्ज रिपोर्ट में कि वह ग्रीन (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो छात्रों का अपहरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। मूल रूप से सीतामढ़ी निवासी चंद्रकला देवी हाल में सेक्टर 66 के श्रमिक कुंज में रह रही है। उनका 13 वर्षीय बेटा दिल्ली के एक स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ता है। बीते 21 फरवरी की सुबह उनका बेटा घर से बिना बताए कहीं चला गया। देर शाम तक घर न पहुंचने पर उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। चंद्रकला देवी ने थाना फेस-3 में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। वहीं थाना सेक्टर-39 के छलेरा गांव में रहने वाली ममता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका 10 वर्षीय बेटा 24 फरवरी की शाम को घर से बाहर खेलने के लिए गया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा देर रात तक घर वापस न आने पर उसने आसपास अपने बेटे की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और लापता बच्चों की क्लास की जा रही है।

# 'सतत संपर्क व संवाद ही भाजपा की जीत का आधार'

## लोकसभा प्रभारी ने कहा-हर बूथ पर कम से कम 370 वोट बनाने होंगे


**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रभारी अनिल सिसोदिया ने कहा कि जनता से सतत संपर्क व संवाद ही भाजपा की जीत का आधार है। इसलिए हमें प्रत्येक बूथ तथा घर-घर संपर्क व संवाद के जरिए केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों व नीतियों का घर-घर पहुंचाना है। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 370 वोट बनाने के लिए काम करना होगा।

नोएडा भाजपा की जिला बैठक चुनावी कार्यालय अपर आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के



रूप में गौतमबुद्धनगर को लेकर बनाये गये लोकसभा प्रभारी और पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल शिशोदिया और नोएडा विधान सभा प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी भराला रहे। इस बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों का परिचय हुआ और उसके बाद आगामी लोक सभा चुनाव के चलते चुनावी गतिविधि और रणनीति पर चर्चा हुई।

इस बैठक के साथ शक्ति वंदन अभियान पर भी महिलों के साथ चर्चा हुई। मीनाक्षी भराला ने हर कार्यकर्ता को ये आश्वासन दिया कि नोएडा में वो सभी मंडलों और सभी बूथों पर स्वयं जायेंगी और वहाँ रहते कार्यकर्ताओं से बात कर चुनाव के लिए हर संभव मदद करेंगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)



SARASWATI GLOBAL SCHOOL
ADMISSION OPEN 2024-25

CBSE PATTERN SCHOOL IN NOIDA
8750611103, 8285220921, 9968227330
Sector-22, Noida

## जांच से दूरी

दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल संवैधानिक जांच एजेंसियों के सामने पेश क्यों नहीं होते? क्या आम आदमी इन एजेंसियों के समन को लगातार खारिज कर सकता है? क्या इनके समन को स्वीकार न करना 'असंवैधानिक' नहीं है? अदालत का इस व्यवस्था पर एक स्पष्ट आदेश जरूर आना चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी जांच के लिए तलब कर सकती हैं। केजरीवाल भी संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार 'अवैध' करार देना क्या संविधान-सम्मत है? केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बना कर ईडी और अदालत की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था। इसी तरह केजरीवाल कभी राज्यसभा चुनाव, तो कभी चुनाव-प्रचार का बहाना बना कर ईडी के समन को अस्वीकार करते रहे हैं।एक राजनेता औसतन हर दिन किसी न किसी काम में व्यस्त रहता है, तो क्या जांच एजेंसी के संवैधानिक दायित्व को 'तारपीडो' करता रहेगा? केजरीवाल की कथित शराब घोटाले में उपस्थिति और उनसे पूछताछ इसलिए अहम है, क्योंकि उनके उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते एक साल से जेल में हैं, उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत ने भी उन्हें जमानत नहीं दी है। बल्कि इस मामले में मनी ट्रेल की आशंका जताई है। घोटाला करोड़ों रुपए का है, लेकिन 'आप' के प्रवक्ता दलीलें देते रहे हैं कि सिसोदिया और संजय से एक चवन्नी भी बरामद नहीं हुई, लेकिन जेल का उत्पीडन् दिया जा रहा है। यह कुतर्क है। किसी भी ऐसे घोटाले में नकद बरामद नहीं हुआ करते, बल्कि लेन-देन बेनकाब होता है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी बीती अक्तूबर से जेल की सलाखों के पीछे हैं और अदालत ने उन्हें भी जमानत नहीं दी है। मनी लॉन्ड्रिंग का कानून ही इतना पेचीदा और सख्त है कि उसमें जमानत मिलना एक कठिन प्रक्रिया है। ये दोनों नेता, 'आप' के भीतर, केजरीवाल के दाएं-बाएं हाथ माने जाते रहे हैं, लिहाजा केजरीवाल को किसी सूचना या साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी का अंदेशा और भय स्वाभाविक है। संभव है कि दोनों गिरफ्त नेताओं से पूछताछ के दौरान ऐसा कोई साक्ष्य सामने आया हो, जो केजरीवाल की संलिप्तता की ओर संकेत करता हो, लिहाजा जांच एजेंसी केजरीवाल से भी पूछताछ करना चाहेगी। इसमें असामान्य क्या है? गौरतलब यह भी है कि जब शराब की नई नीति बनाई जा रही थी, उस दौरान शराब के बड़े व्यापारियों को मुख्यमंत्री केजरीवाल से भी मिलाया गया था। इसे भी अपराध न आंका जाए, तो दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने जो फैसले लिए थे, उनसे केजरीवाल खुद को अलग कैसे रख सकते हैं? कैबिनेट के फैसले और दायित्व तो 'सामूहिक' होते हैं। केजरीवाल तो दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री हैं। बेशक उन्होंने किसी भी फाइल या विवादित फैसले पर हस्ताक्षर न किए हों, लेकिन कैबिनेट की प्रथम जिम्मेदारी उन्हीं की है। उनका यह संवैधानिक दायित्व है कि वह ईडी के सामने पेश हों।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि अरबों पवन के समान उनमें महान बल है और अरबों सूर्यों के समान प्रकाश है। अरबों चंद्रमाओं के समान वे शीतल और संसार के समस्त भयों का नाश करने वाले हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**काल कोटि सत सरिस अति दुस्तर दुर्ग दुरंत।**
**धूमकेतु सत कोटि सम दुराधरष भगवंत॥**

अरबों कालों के समान वे अत्यंत दुस्तर, दुर्गम और दुरंत हैं। वे भगवान अरबों धूमकेतुओं (पुच्छल तारों) के समान अत्यंत प्रबल हैं॥

**प्रभु अगाध सत कोटि पताला। समन कोटि सत सरिस कराला॥**
**तीरथ अमित कोटि सम पावन। नाम अखिल अघ पूग नसावन॥**

अरबों पातालों के समान प्रभु अथाह हैं। अरबों यमराजों के समान भयानक हैं। अनंतकोटि तीर्थों के समान वे पवित्र करने वाले हैं। उनका नाम संपूर्ण पापसमूह का नाश करने वाला है॥

**हिमगिरि कोटि अचल रघुबीरा। सिंधु कोटि सत सम गंभीरा॥**
**कामधेनु सत कोटि समाना। सकल काम दायक भगवाना॥**

श्री रघुवीर करोड़ों हिमालयों के समान अचल (स्थिर) हैं और अरबों समुद्रों के समान गहरे हैं। भगवान्? अरबों कामधेनुओं के समान सब कामनाओं (इच्छित पदार्थों) के देने वाले हैं॥

**सारद कोटि अमित चतुराई। बिधि सत कोटि सृष्टि निपुनाई॥**
**बिष्नु कोटि सम पालन कर्ता। रुद्र कोटि सत सम संहर्ता॥**

उनमें अनंतकोटि सरस्वतियों के समान चतुरता है। अरबों ब्रह्माओं के समान सृष्टि रचना की निपुणता है। वे करोड़ों विष्णुओं के समान पालन करने वाले और अरबों रुद्रों के समान संहार करने वाले हैं॥

**धनद कोटि सत सम धनवाना। माया कोटि प्रपंच निधाना॥**
**भार धरन सत कोटि अहीसा। निरवधि निरुपम प्रभु जगदीसा॥**

वे अरबों कुबेरों के समान धनवान्? और करोड़ों मायाओं के समान सृष्टि के खजाने हैं। बोझ उठाने में वे अरबों शेषों के समान हैं। (अधिक क्या) जगदीश्वर प्रभु श्री रामजी (सभी बातों में) सीमारहित और उपमारहित हैं॥

**क्रमशः**

# शाहजहां शेख व्यक्ति नहीं प्रवृत्ति है जिसे विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चर्चाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेशखाली की पीड़िताओं ने जो बातें बताई हैं, वह 21वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है। सुधांशु के अनुसार, ''जो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है।''



**राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी।**

राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया और बुद्धिजीवियों तक होता गया।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चनें लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली, मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था।

आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वट वृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की। लेकिन मुस्लिम परस्ती के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर के नवीनीकरण और पुनर्स्थापना के कार्य से खुद को अलग कर लिया बल्कि तत्कालीन सौराष्ट्र के मुख्यमंत्री को आदेश दिया कि मंदिर निर्माण में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगना चाहिए। इतना ही नहीं, जब राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने जाने लगे तब नेहरू ने उन्हें रोकने की नाकाम कोशिश भी की।

वोट बैंक की राजनीति की विवशता को कतिपय राजनीतिक दल, दल विहीन राजनेता और बुद्धिवादी देश का स्थायी भाव बना देने की जी तोड़ कोशिशें कर रहे हैं। स्वभावत: पंथनिरपेक्ष भर को सुनियोजित ढंग से पंथ और मजहब के संदर्भ में सोचने, जीने और अपना मानस बनाने को कहा जा रहा है कि यदि ऐसा सोचा और किया न गया तो देश साम्प्रदायिकता की आग में जलकर राख बन जायेगा। यदि संक्षेप में और कुछ वाक्यों में कहें तो आज के भारत की धर्म (पंथ) निरपेक्षता मुस्लिम सापेक्षता का पर्याय है। दोनों एक दूसरे के दास हैं। दोनों की आधार भूमि है सत्ता राजनीति। यह मान लिया गया है कि मुस्लिम सापेक्ष न होना पंथनिरपेक्षता का विरोधी होना है। यह कि यदि हमारी सोच का केंद्र बिंदु मुसलमान नहीं है तो हम भारत राष्ट्र को तोड़ने की दिशा में बढ़ रहे हैं। यदि हम किसी अबोध शिशु की दुधमुंही मुस्कान से प्राप्त होने वाले आत्म और वात्सल्य का अनुभव नहीं करते, तो हम मुस्लिम ही नहीं, भारत विरोधी भी हैं। और यह कि यदि हम अपने आचार विचार से हिन्दू विरोधी नहीं हैं तो हम सेकुलर नहीं हैं। अतएव यदि हमें सेकुलर बने रहना है तो हमें चाहिए कि हम कश्मीर घाटी से भगा दिये गये हिन्दुओं की पीड़ा प्रताड़ना, उनके दुख और दैन्य की बात न करें। कन्हैया लाल की हत्या और संदेशखाली पर मुंह बंद रखें। यानी हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचारों जिसमें सरकारें और राजनीतिक दल शामिल हैं, को अनदेखा करें।

कांग्रेस की इस तुष्टिकरण की नीति का असर दूसरी राजनीतिक पार्टियों पर भी पड़ा और वे मुस्लिम वोट बैंक छिटकने के डर से हिंदुओं के हित में बोलने से कन्नी काटने लगीं। लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, एन चंद्रबाबू नायडू, अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव जैसे नेताओं की मुस्लिमपरस्ती एक दिन में नहीं आई है। यह सब कांग्रेसी तुष्टिकरण रूपी वटवृक्ष के फल हैं। दरअसल कांग्रेस द्वारा क्षेत्रीय अस्मिताओं की उपेक्षा और तानाशाही से उपजी क्षेत्रीय पार्टियों ने मुस्लिम वोट हासिल करने के लिए मुसलमानों के सशक्तिकरण की बजाय तुष्टिकरण का कांग्रेसी फार्मूला अपना लिया। इसका नतीजा यह हुआ कि एक ओर मुसलमानों का पिछड़ापन बढ़ा तो दूसरी ओर कट्टरपंथ को उर्वर जमीन मिली। 'तुष्टीकरण' की राजनीति ने मुख्यरूप से मुस्लिमों के बीच की 'मलाईदार पर्त' को ही फायदा पहुंचाया। इससे कथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति का खोखलापन उजागर होता है।

कांग्रेस का इतिहास खुद इस बात का गवाह है कि उसने अपनी पूरी राजनीति तुष्टीकरण को आधार बनाकर ही की है और अल्पसंख्यकों में भी उसने सबसे अधिक मुस्लिम वोटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि मुस्लिम वोट देश के कई हिस्सों में निर्णायक साबित होते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का बनता है। साल 2018 में उर्दू अखबार इंकलाब की एक रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा मुस्लिम बुद्धिजीवियों के बीच कथित तौर पर अपनी पार्टी को मुस्लिमों की पार्टी बताया गया था। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत की बड़ी वजह मुसलमानों का थोक वोट मिलना था। पिछले साल मुस्लिम वोटों की बदौलत कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता हासिल करने में सफल रही।

राजनीतिक दल वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण का सहारा लेते आए हैं। राजनीतिक दलों ने अपने एजेंडे के हिसाब से धर्म व संप्रदाय बांट रखे हैं और उसके तुष्टिकरण में वो किसी भी हद तक चले जाते हैं। सच्चाई यह है कि तुष्टिकरण देश के विकास, सद्भाव, भाईचारे, सुरक्षा और शांति के लिए हानिकारक है। मौकापरस्त, स्वार्थी और गलत प्रवृत्ति के व्यक्ति तुष्टिकरण की आड़ में अन्याय, अनाचार, दुराचार और पाश्विकता करते हैं जो शाहजहां शेख और उसके गुर्गों ने संदेशखाली में किया। सही मायनों में संदेशखाली में जो कुछ हुआ वो राजनीतिक तुष्टिकरण का कुफल है। राजनीतिक दलों को तुष्टिकरण की राजनीति से बाज आना चाहिए, इसी में सबकी भलाई है।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**
**(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# आचार्यों की विरासत सहेजने में नाकाम व्यवस्था

शिक्षा एक राष्ट्र की प्रगति का प्रतीक है। यदि आप किसी देश के उन्नयन एवं अवनयन का काल जानना चाहते हैं तो इसे देश की शिक्षा के इतिहास में खोजिए।' यह कथन स्वामी विवेकानंद का था। 'जिस शिक्षा में कर्म की शक्ति नहीं, स्वतंत्र रूप से सोचने की बुद्धि नहीं, खतरा उठाने की प्रवृत्ति नहीं, वह विद्या निस्तेज है', शिक्षा के संदर्भ में यह कथन भारत के प्रख्यात विचारक 'विनोबा भावे' का था। कोई भी राष्ट्र अपनी शिक्षा, संस्कृति व परंपराओं पर गर्व महसूस करता है। हमारे मनीषियों द्वारा रचित विश्व की प्रथम पुस्तक 'ऋग्वेद' व सबसे बड़ा महाकाव्य 'महाभारत', 'रामायण', वेद, पुराण जैसे विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ तथा शिक्षा की उत्तम प्रणाली गुरुकुल, मठ व आचार्यों के आश्रम पुष्टि करते हैं कि अनादिकाल से भारत में शिक्षा व्यवस्था का गौरव चरम पर था। सैंकड़ों वर्ष पूर्व तक्षशिला, नालंदा, भल्लभी व सोमपुरा जैसे भारत के विश्वविद्यालयों में कई देशों के छात्रों ने शिक्षा ग्रहण की थी। मगर विडंबना है कि विश्व को ज्ञान देने वाली भारत की प्रतिभाएं तथा अभिभावक मौजूदा दौर में शिक्षा को लेकर दुश्वारियों के दौर से गुजर रहे हैं। देश की हजारों प्रतिभाएं पढ़ाई के नाम पर प्रतिवर्ष विदेशी शिक्षण संस्थानों का रुख कर रही हैं, बल्कि कई छात्र भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं। भले ही भारत की करोड़ों आबादी गरीबी रेखा से नीचे बसर करने को मजबूर है, मगर विदेशों में शिक्षा हासिल करने वाले हजारों भारतीय छात्रों के अभिभावक हर वर्ष करोड़ों रुपए की महंगी फीस अदा करके अमरीका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन व न्यूजीलैंड सहित कई अन्य देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। अमरीका, कनाडा व ब्रिटेन शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों के लोकप्रिय डेस्टिनेशन बन चुके हैं, जबकि तथ्य यह है कि ये देश भारत विरोधी मनोग्रंथी का शिकार हो चुके हैं।


हिंदोस्तान को अस्थिर करने वाली जिहादी ताकतों की इन देशों में खुलेआम हिमायत हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से अमरीका में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों तथा वहां काम करने वाले अन्य भारतीय युवाओं की टारगेट कीलिंग हो रही है। शिक्षा का माहौल तनाव रहित होना चाहिए, परंतु इन देशों में पढ़ाई करने वाली भारतीय प्रतिभाएं नस्लीय हिंसा के भेदभाव का शिकार होकर मानसिक तनाव से गुजर रही हैं। इसके बावजूद भारतीय छात्रों की विदेशी शिक्षण संस्थानों की तरफ कशिश बढ़ रही है। विदेशों में मेडिकल की पढ़ाई करने वाले हजारों भारतीय छात्रों के बारे में देश के लोगों को इल्म तब हुआ जब रूस-यूक्रेन की शदीद जंग में फंस चुके हिंदोस्तान के छात्रों ने खुद को बचाने की गुहार लगाई थी। बेशक वर्तमान समय में भारत के ज्यादातर छात्र डॉक्टर बनने की चाहत में विदेशी शिक्षण संस्थानों का रुख कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि जब समस्त विश्व चिकित्सा विषय में अनजान था, उस वक्त भारतीय मनीषियों ने चिकित्सा क्षेत्र में कई गौरवमयी कीर्तिमान स्थापित कर दिए थे। ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड सहित कई अन्य देशों के शल्य चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने के लिए 'मेलबॉर्न' के 'रॉयल ऑस्ट्रेलियन कॉलेज ऑफ सर्जन्स' में भारतीय महर्षि 'सुश्रुत' की प्रतिमा लगाई गई है। आचार्य सुश्रुत द्वारा संस्कृत में रचित शल्य चिकित्सा का वेद कही जाने वाली 'सुश्रुत संहिता' का अंग्रेजी में अनुवाद भी उस कालेज में सुरक्षित रखा गया है। सन् 1767 में स्थापित 'कोलंबिया यूनिवर्सिटी इरविंग मेडिकल सेंटर' इस बात को स्वीकार कर चुका है कि शल्य चिकित्सा के जनक यानी 'फादर ऑफ सर्जरी' भारत के आचार्य सुश्रुत ही थे। जाहिर है प्लास्टिक सर्जरी का पितामह भारत है। सैकड़ों वर्ष पूर्व भारत में शल्य चिकित्सा के कई केन्द्र स्थापित हो चुके थे जिनमें ज्यादातर हिमाचल प्रदेश में मौजूद थे। ब्रिटेन के डाक्टरों ने सर्जरी करना भारत से ही सीखा था। भारत से सर्जरी की महारत हासिल करने वाले ब्रिटेन के डॉक्टरों ने अपने मुल्क में जाकर 'फेलो ऑफ दि रॉयल सोसायटी ऑफ लंदन' नामक संस्था की स्थापना भी की थी। अमरीका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड जैसे देश भारत के महान शल्य चिकित्सक आचार्य सुश्रुत की महिमा व महानता को स्वीकार कर चुके हैं कि विश्व में सम्पूर्ण शल्य चिकित्सा की नींव आचार्य सुश्रुत ने ही रखी थी। पशु चिकित्सा पर आधारित विश्व के प्रथम ग्रंथ 'शालिहोत्र संहिता' की रचना महर्षि शालिहोत्र ने हजारों वर्ष पूर्व इसी भारतभूमि पर की थी। घोड़ों के प्रजनन के विशेषज्ञ शालिहोत्र ऋषि द्वारा रचित 'हया आयुर्वेद', 'अश्वपरास्त्रा' तथा 'अश्वलक्षण' जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथों का कई भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। सर्जरी के पितामह आचार्य सुश्रुत, तक्षशिला विश्वविद्यालय के छात्र रहे महान आयुर्वेदाचार्य 'जीवक कुमार भच्च', आयुर्वेद के मर्मज्ञ ऋषि 'पुनर्वसु आत्रेय' व उनके शिष्य आयुर्वेदाचार्य 'अग्निवेश' जतूकर्ण, भेलाचार्य तथा हाथियों के प्रबंधन व उपचार पर शोध करने वाले 'गजशास्त्र' के रचयिता 'पालकाप्य मुनि' व शालिहोत्र जैसे आचार्यों की वैज्ञानिक सोच व चिकित्सा क्षेत्र में योगदान की अमूल्य ज्ञान संपदा को समझने के प्रयास पूरी शिद्दत से नहीं हुए।

भारत की प्राचीन पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद का डंका पूरे विश्व में बज रहा है, मगर मेडिकल विषय के छात्रों के लिए आयुर्वेद के विशारद व 'फादर ऑफ इंडियन मेडिसन' 'महर्षि चरक' के नाम की शपथ लेने पर देश की सियासी हरारत बढ़ जाती है। यदि दुनिया को शल्य चिकित्सा व आयुर्वेद का ज्ञान देने वाले 'विश्व गुरु' भारतवर्ष की प्रतिभाएं मेडिकल विषय की शिक्षा के लिए विदेशों में भटक रही हैं तो मतलब साफ है कि देश की शिक्षा व्यवस्था आचार्य सुश्रुत व महर्षि चरक तथा शालिहोत्र जैसे विद्वान आचार्यों की चिकित्सा की गौरवशाली ज्ञान विरासत को सहजने में नाकाम रही है। विदेशी शिक्षण संस्थानों का अर्थतंत्र भारतीय छात्रों की महंगी फीस पर निर्भर है। चिकित्सा की बेहद महंगी शिक्षा ही चिकित्सा क्षेत्र में महंगे ईलाज का कारण बनी। नतीजतन निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा तथा निजी अस्पतालों में चिकित्सा आम लोगों की पहुंच से दूर हो चुकी है।


**-प्रताप सिंह पटियाल**

## राशिफल


फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष : द्वितीया (विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** थोड़ा डिस्टरबेंस बना रहेगा। शत्रुओं पर विजय पा लेंगे। रोग भी थोड़ा परेशान करने की कोशिश करेगा।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)** मानसिक अवसाद बना रहेगा। बच्चों को लेकर के मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू तू मैं मैं का संकेत है।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)** घरेलू विवाद मन को परेशान करेगा। स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा, व्यापार भी अच्छा रहेगा।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। अपने स्वास्थ्य और अपनों के स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** धन हानि के संकेत हैं। निवेश न करें। स्वास्थ्य ठीक है लेकिन मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** मन में कोलाहल रहेगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा नहीं है। प्रेम संतान अच्छा है, व्यापार बहुत अच्छा है।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** अनाब-शनाब खर्च होंगे। मन अप्रसन्न रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम, सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** आय में उतार चढाव बना रहेगा। मानसिक अवसाद की स्थिति रहेगी। प्रेम संतान मध्यम रहेगा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** कोर्ट कचहरी से बचें। नए व्यापार की शुरुआत न करें। राजनीतिक परेशानियां बनी रहेगी।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** मान हानि का संकेत है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी, व्यापार भी बहुत अच्छा। मान प्रतिष्ठा पर आंच न आए इस बात का ध्यान रखें।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू तू मैं मैं से बचें। विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा समय नहीं है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** मीन राशि की स्थिति जो होगी वह अपने स्वास्थ्य पर और अपने जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान देने लायक होगी।

# महिला शक्ति आगे बढ़ रहा : डॉ. महेश शर्मा




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** शक्ति वंदन अभियान स्वयं सहायता एवं एनजीओ कार्यक्रम बिसरख में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संचालन कार्यक्रम जिला संयोजक योगेश चौधरी ने किया। जिसमे स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की बहनों ने बड़ी संख्या भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉ महेश शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की माता बहनों के लिये नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास करा कर संसद में 33 प्रतिशत कोटा देने का ऐतिहासिक कार्य किया और उन्होंने कहा कि महिला शक्ति आज आगे बढ़ कर हर क्षेत्र में कार्य कर रहीं है किसी ने कल्पना नहीं की थी की महिलाएँ अंतरिक्ष में जाएंगी महिलाएँ ड्रोन उड़ा रही सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में बढ़कर रुचि ले रही है और आज खेती में महिलाएँ प्राकृतिक खेती में अपना योगदान दे रही है। शक्ति वंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम पूरे देश व प्रदेश में चल रहें है।

नारी के सम्मान और उनके लिये किये गये मोदी, योगी सरकारे दर्जनों योजनाओं से महिला के सशक्तिकरण का कार्य कर रही है। जिससे महिलाएँ ऊजवाला गैस, आयुष्मान कार्ड, ड्रोन, सखी योजना, सखी ऋष्टा, महिला उद्यमी आदि से आत्मनिर्भर हो रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा ज़िला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रजनी तोमर कार्यक्रम अभियान के संयोजक योगेश चौधरी इंद्र नागर रवि जिंदल सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी डॉ प्रियंका चौधरीपूनम सिंह साधना सिसोदिया संगीता तिवारी संगीता रावल सतीश भाटी कर्मवीर आर्य मुकेश चौहान अपर्णा सिंह शांति सिंह सविता गुर्जर शशि कौशिक ज्योति सिंह अरुणा शर्मा आदि सैंकड़ों स्वयं सहायता समूहों के कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने लगाई चौपाल



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा युवा द्वारा जेवर क्षेत्र के रबूपुरा मंडल के गांव जोनचाना , कलूपुरा तथा महारेरा मे चौपाल लगाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई तथा युवाओं से योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया।

ग्राम चौपालों में मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में आज देश का युवा रोजगार माँगने वाला नहीं बल्कि स्टार्टअप योजना के माध्यम से अन्य युवाओं को रोजगार देने वाला बना है।

नागर ने कहा कि अभी कल ही पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भर्ती परीक्षा निरस्त कर 6 माह के अंदर दौबारा परीक्षा कराये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह भोर्या, जिला मंत्री दुष्यन्त चौधरी तनाजा,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नरेश पंडित,नरेश त्यागी ,ललित प्रधान सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# भाकियू ( बलराज ) की हुई बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी की शहदरा गांव में पुस्तैनी जमीन पर बनी वर्षों पुरानी दुकानों को विगत दिनों हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद बिना नोटिस दिए नोएडा प्राधिकरण के आधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की मदद से सुबह आकर तहस-नहस कर दिया था।



इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य जितेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रंगीलाल भाटी, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, प्रदेश मिडिया प्रभारी विपिन खारी, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भडाना, प्रदेश सचिव ऊधम नम्बरदार, पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा भोलू पंडित, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर हेमन्त पडिंत, जिला उपाध्यक्ष राहुल भाटी,प्रदेश महासचिव शमशाद, भआदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जगबीर नंबरदार बने समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरी ने समाजवादी युवजन सभा की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जनपद गौतमबुद्ध नगर के सादोंपुर गांव निवासी समाजवादी पार्टी के मेहनती और ईमानदार कार्यकर्ता एवं किसान नेता जगबीर नंबरदार को समाजवादी युवजन सभा में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है।



जगबीर नंबरदार लंबे समय से समाजवादी पार्टी में सक्रिय है तथा पूर्व में जिला उपाध्यक्ष एवं जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी संभाल चुके है। वह जनपद गौतमबुद्धनगर में हो रहे किसान आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाते हुए लगातार किसानों की लड़ाई लड़ रहे है। उनकी मेहनत लगन और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समाजवादी युवजन सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर जगबीर नंबरदार ने पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उसका निर्वाह पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे और समाजवादी पार्टी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों तथा विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी जोड़ने का कार्य करेंगे।

# रबूपुरा में हुई भाजपा की बैठक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा की रबूपुरा मंडल की बैठक रबूपुरा कस्बे में सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक में लाभार्थी संपर्क कार्यशाला संपन्न हुई कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रवि जिंदल ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को 20 से 40 लाभार्थियों से संपर्क करना है और 9638002024 पर लाभार्थी से मिस कॉल लगवानी है और मोदी का राम-राम वाला पत्रक देना है और उनसे मोदी जी को प्रणाम बोलना है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीब शोषित पिछडे वंचितों के लिए समर्पित सरकार है जनता की सभी मूलभूत सुविधाओं को दिलाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कल 11.00 बजे प्रधानमंत्री मोदी की बात का कार्यक्रम भी बूथ स्तर पर सुने।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील ठाकुर, राम रावत, धर्मेंद्र भाटी, रूपलाल कौशिक माया कौशिक, भोलू शर्मा, सौदान सिंह, फारुक खान, दुष्यंत चौधरी, नरेश त्यागी, कार्यशाला का संचालन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नरेश शर्मा ने किया कार्यशाला में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



महा मण्डलेश्वर ओमकारदास जी महाराज से आर्शीवाद लेते किसान नेता सुभाष भाटी ( सलारपुर वाले )

# भाजपा की कार्यशाला आयोजित




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान सूरजपुर मंडल की कार्यशाला ग्राम अजायबपुर में श्यामवीर प्रधान के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमे मंडल प्रभारी इन्द्र नागर व मुख्य वक्ता सुनील भाटी जिला उपाध्यक्ष, भाजपा कार्यशाला में अभियान से संबंधित जानकारी प्रदान की और लाभार्थियों से संपर्क कर सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराने का आग्रह किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता सूरजपुर मंडल के कर्मठ अध्यक्ष मनोज भाटी ने की।

इस कार्यशाला में मुख्य रूप से बबलू गुर्जर (सांसद प्रतिनिधि गौतमबुद्धनगर ,अपर्णा त्रिपाठी प्रोफेसर एन पी सिंह, सुनील सौनिक, राजेश शर्मा,रकम भाटी,अनिल शर्मा, मनोज तंवर,शेखर नागर,पंकज अग्रवाल, विकास भाटी, कर्मवीर उपाध्याय, दीपक भाटी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

नंगला चरण दास गांव निवासी संजय ने जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर से न्याय की गुहार लगाई है। नंगला चरण दास गांव निवासी संजय पुत्र बालचंद ने जिलाधिकारी एवं नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि हमारी 300 गज जमीन पर गांव के ही बलवीर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा ली और अब स्थानीय तहसील कर्मियों के सहयोग से जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है।

उन्होंने जमीन को खाली करने की जिलाधिकारी से मांग की है। संजय ने कहा कि मेरी पुस्तैनी जमीन काफी समय से थी जिस पर मेरा कब्जा भी था। लेकिन गांव के ही बालवीर पुत्र दयाराम ने जबरन उस पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कई बार दादरी तहसील के

**न्याय नहीं मिला तो मुख्यमंत्री के दरबार में जायेंगे**

तहसीलदार एवं पटवारी से शिकायत भी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई उन्होंने कहा कि मेरे साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने इस प्रकरण की जांच की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं अपने पूरे परिवार के साथ लखनऊ जाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बात उनके सामने रखूंगा। उन्होंने कहा कि बलवीर दयाराम एक गुंडा किस्म का व्यक्ति है और उसके सामने गांव का कोई भी व्यक्ति बोलने को तैयार नहीं है।

# सलारपुर में 18 अप्रैल से श्री राम कथा का होगा आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-81 स्थित सलारपुर गांव के शिव मंदिर पर आगामी 18 अप्रैल से 27 अप्रैल तक श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। श्री राम कथा एवं श्री राम यज्ञ के पहले भव्य कलश यात्रा का भी आयोजन होगा। यह कार्यक्रम राजस्थान के बावरी आश्रम के श्रीमाधोपुर के महामंडलेश्वर ओंकार दास जी महाराज के सानिध्य में होगा यह जानकारी किसान नेता सुभाष भाटी ने दी है।



उन्होंने बताया कि श्री राम कथा एवं श्री राम महा यज्ञ की तैयारी शुरू हो गई है और 18 अप्रैल से यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कई मानस मर्मज्ञ कथावाचक भी आएंगे। उन्होंने सभी लोगों से कार्यक्रम में सहयोग एवं भागीदारी की अपील की है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**सरकार हमारी...**

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 'ट्रैक्टर श्रृंखला' निकालने का कार्यक्रम तय किया गया है। दिल्ली की ओर जाने वाले हाईवे, खासकर डिवाइडर हाईवे पर ट्रैक्टर खड़े किए जाएंगे...अलग-अलग रजिस्ट्रेशन करने का फैसला लिया गया। इस तरह का विरोध इसलिए है ताकि सरकार हमारी बात सुने और किसानों को न भूले।

**बूतरबाजी : इराक में...**

पीड़ितों ने थाना फेस-3 में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**व्यास तहखाने...**

मुस्लिम पक्ष ने यह भी कहा है कि दस्तावेज में किसी तहखाने का जिक्र नहीं है। मुस्लिम पक्ष ने यह भी कहा था कि व्यासजी ने पहले ही पूजा का अधिकार ट्रस्ट को ट्रांसफर कर दिया था। उन्हें अर्जी दाखिल करने का अधिकार नहीं है।

**गूगल पर साइबर...**

कॉल कट गई। थोड़ी देर बाद उनके व्हाट्सएप नंबर पर कॉल आई फोन करने वाले ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए उनसे बैंक खाते से संबंधित जानकारी ली।

फोन करने वाले ने बताया कि उनका खाता जल्द चालू हो जाएगा। 10 फरवरी को उनके खाते से 170100 रुपए निकलने का मैसेज आया। उसके बाद उन्होंने बैंक की वेबसाइट से नंबर लेकर बैंक में फोन किया तो पता चला कि उनके अकाउंट के अलावा उनकी पत्नी के अकाउंट से भी 92000 हजार रूपए निकल गए हैं। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज कराई। पीड़ित दिलीप मिश्रा ने थाना सेक्टर-126 में अज्ञात साइबर तक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

**स्कूल जाती है बेटी...**

करने की धमकी देकर उससे पैसों की मांग कर रहा है। आरोपी ने 18 फरवरी को उसकी बेटी को सुनसान गली में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की इसके बाद 20 फरवरी को सानू ने उनके छोटे बेटे को पकड़कर जमकर धमकाया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसकी बेटी का जीना मुहाल कर रखा है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**फर्जी बैंक मैनेजर...**

पंजाब सिंध बैंक के बाहर पहुंचाने को कहा। अमित कुमार ने खुद को बैंक मैनेजर बताते हुए कहा कि वह रिक्शा चालक को एसी की पेमेंट कर देगा। ललित कुमार अग्रवाल के मुताबिक उन्होंने रिक्शा में लोड कर एसी को बताए गए पते पर भेज दिया। बैंक के बाहर रिक्शा चालक को दो व्यक्ति मिले इनमें से एक व्यक्ति रिक्शा चालक को बैंक से थोड़ी दूर ले गया वहां एसी उतरवाने के बाद उसने रिक्शा चालक को कहा कि वह बैंक में जाकर मैनेजर साहब से पेमेंट ले ले। रिक्शा चालक जब बैंक में पैसे लेने पहुंचा तो पता चला कि वहां अमित कुमार नाम का कोई व्यक्ति मैनेजर नहीं है। इसके बाद रिक्शा चालक ने इसकी जानकारी शोरूम संचालक ललित कुमार अग्रवाल को दी। ठगे जाने का एहसास होने पर ललित कुमार ने थाना जेवर में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन का मामला दर्ज कराया है।

**बीएसएफ के ...**

कारणवश उनकी यात्रा कैंसिल हो गई और उन्होंने गूगल के जरिए अपने ट्रेन के टिकट को कैंसिल करने का प्रयास किया। कुछ देर बाद उनके पास अज्ञात नंबर से कॉल आई और फोन करने वाले ने उनसे ट्रेन के टिकट के बारे में जानकारी ली। उनके द्वारा पीएनआर नंबर बताने पर उसने उनका टिकट की सारी जानकारी उन्हें बता दी।

उक्त व्यक्ति ने बताया कि टिकट कैंसिल करने के लिए उन्हें एक लिंक पर क्लिक करना होगा साथ ही अपने क्रेडिट कार्ड की डिटेल देनी होगी। रिटायर्ड आईजी के मुताबिक उन्होंने अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने फोन डिस्कनेक्ट कर दिया कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 19650 रुपए निकल गए हैं। उन्होंने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया लेकिन वह स्विच ऑफ मिला। ठगे जाने का एहसास होने पर उन्होंने अपने बैंक को जानकारी दी साथ ही पुलिस को सूचित किया। रिटायर्ड आईजी ने थाना सेक्टर-39 में अज्ञात साइबर तक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**मार्केट के सामने खड़ी...**

आर्च मार्केट के बाहर अपनी कार खड़ी कर खरीदारी करने चले गए कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ तथा लैपटॉप गायब था। वही अजनारा ली गार्डन ग्रेटर नोएडा निवासी कमल अग्रवाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह सब्जी लेने के लिए रोजा गोल चक्कर के पास गए थे। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर दी और सब्जी खरीदने चले गए कुछ समय बाद जब वह लौटे तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ और लैपटॉप गायब मिला। बदमाशी कर में रख मोबाइल चार्ज इयरबड्स बैंक की चेक बुक तथा कंपनी का आई कार्ड भी चोरी कर ले गए।

**प्राधिकरण की जमीन...**

से प्लाटिंग तथा बहु मंजिला फ्लैंटों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

पूर्व में प्राधिकरण द्वारा कई बार अवैध निर्माण को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन भूस्वामी द्वारा अवैध तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा है। सहायक प्रबंधक ने देवेंद्र यादव कुलदीप भारत आदेश अभिषेक गिरीश, श्रीमती सर्वेश देवी व प्रिंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अवैध निर्माण को रोकने की मांग की है थाना प्रभारी ने बताया कि प्राधिकरण अधिकारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**'सतत संपर्क व....**

बैठक में पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी, लोकसभा विस्तारक सुखपाल, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरजा सिंह, मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, गिरीश कोटनाला, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, सुचित्रा कक्कड़,मंत्री एस पी चमोली, प्रमोद बेहाल, चमन आवाना, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, कल्लू सिंह, लोकेश कश्यप, पंकज झा, निर्मल सिंह, प्रदीप चौहान, सत्य नारायण महावर, उमेश यादव, शारदा चतुर्वेदी, ओमवीर अवाना, राम निवास यादव, अहसान, ख़ान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## पहले चुराया बैग, फिर एटीएम से निकाली नकदी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के रसूलपुर नवादा गांव के एक पीजी से चोरों ने दो लैपटॉप, मोबाइल फोन, बैग चोरी कर लिया। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों ने एटीएम के माध्यम से 14000 रूपये भी निकाल लिए पीड़ित ने थाना सेक्टर 58 में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रसूलपुर नवादा गांव स्थित एनएस पीजी में रहने वाले अर्जुन यादव ने बताया कि बीते 19 फरवरी को वह किसी कार्य से अपने कमरे से बाहर गया था। इस दौरान दरवाजा खुला रह गया कुछ देर बाद जब वापस लौटा तो उसे कमरे से दो लैपटॉप एक मोबाइल फोन बैग गायब मिला। बैग में डेबिट व क्रेडिट कार्ड रखे हुए थे। चोरी होने के कुछ देर बाद उसके मोबाइल फोन पर यूनियन बैंक आफ इंडिया के अकाउंट से 14000 रूपये निकालने का मैसेज आया। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## प्रॉपर्टी डीलर को बुरी तरह पीटा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-11 में मोमोज की दुकान चलाने वाले दुकानदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रॉपर्टी डीलर के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित डीलर ने दुकानदार में उसके साथियों के खिलाफ थाना सेक्टर 24 में मुकदमा कराया है। सेक्टर-11 के एच ब्लॉक मार्केट में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले अनुभव शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने ऑफिस में बैठा कुछ काम कर रहा था इस दौरान मार्केट में मोमोज की दुकान चलाने वाला आकाश यादव अपने चार-पांच साथियों के साथ उनके कार्यालय पर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आकाश यादव व उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट कर जानलेवा हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। लोगों ने किसी तरह उन्हें हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए पीड़ति के मुताबिक आकाश यादव आपराधिक किस्म का व्यक्ति है और आए दिन मार्केट में हंगामा करता है।

## बाइक सवार बदमाशों ने लूटा मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति के हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। गौर सिटी वन निवासी शीतांशु ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 23 फरवरी को रैपीडो से सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन पर पहुंच। रैपीडो चालक को भुगतान करने के बाद वह मेट्रो के प्रवेश द्वार की तरफ बढ़ा इस दौरान पीछे से स्पोर्ट्स बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसके हाथ से आईफोन छीन लिया और फरार हो गए। उसने शोर मचा कर बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन वह हाथ नहीं लगे।

## लिव-इन पार्टनर ने दी जान से मारने की धमकी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर बने लिविंग रिलेशनशिप में अक्सर खटास के मामले देख सामने आते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला थाना बिसरख क्षेत्र में प्रकाश में आया है। यहां लिविंग में रह रहे युवक ने युवती के साथ सरेआम रोड पर मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। एवेन्यू गौर सिटी में रहने वाली शोभा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह प्रवीण सिंह के साथ पिछले कई वर्षों से रिलेशनशिप में है। प्रवीण सिंह ने उसे शादी करने का झांसा दिया था। जल्द शादी करने की बात कह कर प्रवीण सिंह ने उससे 8 लाख रुपए ले लिए। पैसे लेने के बाद प्रवीण सिंह आए दिन उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगा। बीते 22 दिसंबर को प्रवीण सिंह ने सेक्टर-116 में उसके साथ रोड पर सरेआम मारपीट कर उसका फोन तोड़ दिया और लोगों के सामने उसकी भारी बेज्जती की। इस घटना के बाद प्रवीण ने अपनी गलती मानते हुए उससे माफी मांगी कुछ समय तक उनका रिश्ता शांति से चला रहा लेकिन अब प्रवीण सिंह फिर उसके साथ गाली गलौज करने के अलावा उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है थाना पुस्तक प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## खास खबर

### ईनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने 15000 के एक ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है पकड़ा गया। आरोपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर भूपेंद्र सिंह पुत्र जगदीश निवासी हेतलपुर थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ को शारदा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तारी न होने के कारण भूपेंद्र सिंह पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा द्वारा 15000 का इनाम घोषित किया गया था।

### जिम के पैसों को लेकर फायरिंग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 क्षेत्र के गेझा गांव में 7 लोगों ने पानी के प्लाट पर बैठे एक युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित के भाई का आरोप है कि हमलावर उन्हें व उसके भाई को जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की। तेजाराम निवासी राजवीर सिंह ने बताया कि 23 फरवरी की दोपहर को उसका भाई पप्पन अपने पानी के प्लाट पर बैठा हुआ था। इस दौरान दो गाड़ियों में सवार होकर राजेश धर्मवीर राधे भाटी व उनके चार अज्ञात साथी पानी के प्लाट पर पहुंचे। सभी आरोपियों ने उसके भाई पप्पन के साथ मारपीट शुरू कर दी और पिस्तौल से उसके पैर में गोली मार दी। हंगामा होता देखकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पास में ही काम कर रहे सूरज नाम के युवक ने उसे फोन कर इस घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचा और अपने भाई को उपचार के लिए यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया। राजवीर सिंह के मुताबिक वह और धर्मवीर सेक्टर 92 में साझेदारी में जिम चलाते थे पैसों के लेनदेन को लेकर उनका आपस में वाद विवाद था। इसी वाद विवाद के चलते आरोपियों ने उसके भाई पर जानलेवा हमला किया है।

### सलारपुर खादर में धोखे से बेची करोड़ों रुपये की जमीन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा ग्रेटर नोएडा में लगातार बढ़ रही जमीनों की कीमतों की वजह से लोगों के मन में बेईमानी आ रही है एक जमीन को कई कई बार बेचकर लोगों को चूना लगाया जा रहा है ऐसा ही एक मामला सालारपुर खादर में प्रकाश में आया है जहां जालसाजों ने दो लोगों को 4552 वर्ग मीटर जमीन बेचने के नाम पर उनसे 8 करोड़ 30 लाख 10000 ठग लिए। पीड़ितों ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस में दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई न्यायालय के निर्देश के बाद ही पीड़ित की रिपोर्ट लिखी जा सकी। मूल रूप से ग्राम रमई पट्टी परमपुर जिला मिर्जापुर निवासी जयेश सिंह दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपने साथी जितेंद्र कुमार सिंह के साथ मिलकर मंगत सलीम व श्रीमती हकिमन से सालारपुर खादर में आवासीय जमीन का सौदा किया था 4552 वर्ग मीटर भूमि के लिए उन्होंने चेक के द्वारा 8 करोड़ 30 लाख 10000 का भुगतान किया था। 27 जुलाई 2014 को तीनों आरोपियों ने उनके नाम कर दिया था हाल ही में उसे नोएडा प्राधिकरण से पता चला कि उक्त भूमि को तीनों लोगों ने 27 जुलाई 2010 को उसका बैनामा नोएडा प्राधिकरण के हक में कर दिया था। इसके बाद जब उसने अपने पैसे आरोपी से मांगे तो उन्होंने देने से साफ इनकार कर दिया पीड़ित ने बताया कि उसने इसकी शिकायत थाना सेक्टर 39 पुलिस से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई थकहार कर उसने न्यायालय में याचिका दायर कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई। न्यायालय के निर्देश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी संगठित गिरोह बनाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### दबंगों ने गिराई चारदिवारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ भूमि पर की गई चार दिवारी को गिराने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है । पीड़ित का कहना है कि दबंग आरोपी उसे भूमि पर चारदीवारी नहीं करने दे रहे हैं। ग्राम अच्छेजा निवासी विजयपाल सिंह ने बताया कि उप जिलाधिकारी दादरी के आदेश पर लेखपाल द्वारा राजस्व टीम द्वारा उसकी जमीन की पैमाइश कर दी गई जिसके आधार पर वह अपनी कुर्रे की भूमि पर मशीन से लेबलिंग कर रहा था तथा आवारा पशुओं से बचने के लिए अपनी जमीन कितनी भरवा रहा था। इस दौरान जितेंद्र व राजकुमार ने लगाए गए चिन्ह पर बनवाई गई चारदीवारी को गिरा दिया। पीड़ित के मुताबिक आरोपी उसे उसकी भूमि पर चार दिवारी नहीं करने दे रहे हैं।

### नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी के पांच मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पकड़ा गया बदमाश नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक बदमाश चोरी के मोबाइल बेचने के लिए छपरौला फाटक की तरफ आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छपरौला फाटक के पास से मेमीदुल हक पुत्र अजीम मियां को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से चोरी के पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। पकड़े गए मेमीदुल ने बताया कि वह नशे का आदी है अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए वह मोबाइल फोन चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देता है। आरोपी ने चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

# उत्तराखंड में भी लागू होगा यूपी सीएम 'योगी' वाला कानून, दंगा करने वालो को चुकानी पड़ेगी कीमत





**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में दंगा करना अब बिल्कुल भी आसान नहीं होगा। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार की तर्ज पर उत्तराखंड में भी दंगाइयों पर ऐक्शन होगा। पुष्कर सिंह धामी सरकार भी दंगाइययों से नुकसान की भरपाई के लिए कानून बनाने जा रही है। उत्तराखंड सरकार विरोध-प्रदर्शन के नाम पर सरकारी एवं निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों पर लगाम कसने जा रही है। इसके लिए बजट सत्र में सख्त कानून का विधेयक लाया जा रहा है। इसके लिए गृह विभाग ने 'उत्तराखंड लोक एवं निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक' तैयार कर लिया है। यूपी सरकार 2020 में ऐसा विधेयक बना चुकी है। उत्तराखंड विधानसभा में भी अब यह विधेयक पेश होने जा रहा है। इसके तहत विरोध, प्रदर्शन, हड़ताल के दौरान होने वाले नुकसान की भरपाई उपद्रव में शामिल आरोपियों से की जाएगी।

नुकसान की भरपाई करने के लिए रिटायर्ड जिजा जज की अध्यक्षता में स्वतंत्र ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा। घटना की व्यापकता को देखते हुए एक से अधिक ट्रिब्यूनल भी गठित किए जा सकते हैं। सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई के लिए संबंधित विभाग ट्रिब्यूनल के सामने अपील करेंगे। ट्रिब्यूनल को सिविल कोर्ट की शक्तियां दी जा रही हैं, जिससे वो संबंधित पक्ष को अपने सामने बुलाकर बयान दर्ज कराने और सवालों पर पक्ष मांग सकता है।

**निजी संपत्ति भी दायरे में आएगी :** प्रस्तावित विधेयक में निजी संपत्ति के नुकसान की भरवाई को भी शामिल किया जा रहा है। आम लोग भी नुकसान की भरपाई के लिए आवेदन कर सकेंगे। ऐसे मामलों में घटना के अधिकतम तीन महीने के अंदर ट्रिब्यूनल के सामने अपील करनी होगी। ट्रिब्यूनल फैसले के बाद आरोपित को एक माह के भीतर तय राशि जमा करनी होगी, ऐसा न किए जाने पर वसूली की जाएगी। जेल भी हो सकती है।

**मृत्यु पर पांच लाख तक का प्रावधानः** संपत्ति के अलावा मृत्यु या शारीरिक नुकसान की भरपाई को इसमें रखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, मृत्यु पर अधिकतम पांच लाख रुपये तक भरपाई का प्रावधान किया जा सकता है।

**विधानसभा बजट सत्र 26 फरवरी से होगा शुरू :** विधानसभा बजट सत्र सोमवार 26 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। सोमवार के दिन होने वाले प्रश्नकाल में सवालों का जवाब संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल देंगे। दरअसल, 26 फरवरी को सोमवार है और यह दिन मुख्यमंत्री के लिए नियत होता है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस दिन जवाब देने के लिए संसदीय कार्यमंत्री को अधिकृत किया है।

### यूपी के बरेली जिले में खुदाई के दौरान मिले प्राचीन मूर्ति के अवशेष, 1500 साल पुराना होने का दावा

**बरेली, एजेंसी।** यूपी के बरेली में एक मकान की नींव की खुदाई के दौरान प्राचीन मूर्ति के अवशेष मिले हैं। प्राचीन खंडित मूर्ति के साथ 3 फीट गहराई में कई घड़े भी मिले हैं। ग्रामीणों ने मिली प्राचीन खंडित मूर्ति को मंदिर में सुरक्षित रखवाया है। इतिहासकारों का दावा है कि यह पाषाण खंडित मूर्ति 15 सौ साल से ज्यादा पुरानी गुप्तकाल की हो सकती है। ये मामला फरीदपुर से सटे पचौमी गांव का है। जहां सत्यपाल मकान बनाने को खोदाई कर रहे थे। मकान की नींव खोदने के दौरान उन्हें खंडित मूर्ति दिखाई दी। खंडित मूर्ति जमीन में तीन फीट नीचे गड़ी थी। मूर्ति निकालते खंडित हो गई। सूचना मिलते ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। ग्राम प्रधान पति पंकज मिश्रा ने मौके से मिली खंडित मूर्ति को गांव के मंदिर में सुरक्षित रखवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ये खंडित मूर्ति भुगवान विष्णु की लग रही है। पचोमी गांव में करीब 10 साल पहले मोहम्मद नूर मकान की खोदाई कर रहे थे। 3 फीट गहराई में उन्हें गुप्त काल की विष्णु भगवान की मूर्ति मिली। मूर्ति को रोहिलखंड विश्वविद्यालय के प्राचीन एवं इतिहास विभाग के म्यूजियम में सुरक्षित रखवा दिया गया। इससे पहले गांव में खोदाई के दौरान भगवान शिव की मूर्ति मिल चुकी है।

## लोकसभा चुनाव से पहले बढ़ सकती है सरकारी कर्मचारियों की सैलरी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अप्रैल और मई के महीने में देश में लोकसभा चुनाव होने की संभावना है। इससे ठीक पहले केंद्र सरकार सरकारी कर्मचारियों को खुशखबरी दे सकती है। उनकी सैलरी में इजाफे की घोषणा कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार मार्च महीने में सरकार कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते यानी डीए में चार प्रतिशत का इजाफा कर सकती है। इसका लाभ पेंशनधारकों को भी मिलेगा। आपको बता दें कि महंगाई भत्ता श्रम ब्यूरो द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर तय किया जाता है। 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर स्वीकृत फॉर्मूले के मुताबिक डीए में बढ़ोतरी की जाएगी। इससे पहले अक्टूबर 2023 में केंद्रीय कैबिनेट ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही डीए 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया। केंद्र सरकार के इस फैसले से केंद्र सरकार के 48.67 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को फायदा हुआ। सरकार देश की महंगाई दर के आधार पर डीए बढ़ोतरी का फैसला लेती है। यदि मुद्रास्फीति अधिक है तो डीए संभवतः और बढ़ाया जाएगा। डीए और डीआर वृद्धि वित्तीय वर्ष के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीआई) के 12 महीने के औसत में प्रतिशत वृद्धि से निर्धारित होती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिसंबर 2023 में घोषणा की थी कि उनकी सरकार नए साल के दिन से अपने सभी कर्मचारियों को डीए में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी देगी। ममता ने कहा था, मैं घोषणा करती हूं कि सभी 14 लाख राज्य सरकार के कर्मचारियों, सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 1 जनवरी, 2024 से 4 प्रतिशत डीए की एक और किस्त मिलेगी। केंद्र सरकार प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी और 1 जुलाई को मंहगाई भत्ते में संशोधन करती है। इस निर्णय की घोषणा आमतौर पर मार्च और सितंबर में की जाती है। आगामी डीए बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पेंशनभोगियों दोनों को फायदा होगा।

## फिल्म अभिनेता मनोज राजपूत पर कसा पुलिस का शिकंजा, शादी का झांसा दे कर रहा था लड़की से रेप! गिरफ्तार

**दुर्ग, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में अपनी करीबी रिश्तेदार को शादी का झांसा देकर पिछले 13 साल से कथित तौर पर रेप करने के आरोप में पुलिस ने क्षेत्रीय सिनेमा के एक अभिनेता को गिरफ्तार किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मनोज राजपूत को 29 वर्षीय पीड़िता की शिकायत के आधार पर शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। अब इस मामले में गिरफ्तार के बाद जांच की जा रही है। मनोज को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता ने 22 फरवरी की रात को पुराने भिलाई शहर के राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि राजपूत उसके साथ शादी करने का झांसा देकर 2011 से उसका यौन शोषण कर रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला ने राजपूत पर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जब राजपूत ने पीड़िता से शादी करने से इंकार किया तब उसने पुलिस में शिकायत की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 377 और 506 तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया गया।

# जोधपुर में प्रोफेसर पर 38 छात्राओं ने सेक्सुल हरेसमेंट का आरोप लगाया, सस्पेंड



**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर में मनीराम बांगड़ मेमोरियल इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी में आर्किटेक्चर डिपार्टमेंट के एचओडी प्रोफेसर पुलकित गुप्ता पर छात्राओं ने सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया है। इस दौरान कॉलेज की 38 छात्राओं ने कुलपति को शिकायत दी है। शिकायत पर कुलपति अजय कुमार शर्मा ने आरोपी प्रोफेसर सस्पेंड कर दिया है। आरोपी प्रोफेसर का एक पुराना कथित चैट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दौरान जांच कमेटी को बयान देने आई छात्राओं को प्रोफेसर ने धमकाया। आर्किटेक्चर विभाग के प्रोफेसर पुलकित गुप्ता पर एक छात्रा ने 5 दिन पहले छेड़छाड़ करने और सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाते हुए एक चिट्ठी लिखकर शिकायत की थी। इसमें छात्रा ने बताया कि प्रोफेसर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। इस मामले की जानकारी पर यूनिवर्सिटी ने जांच कमेटी गठित की। इस बीच यूनिवर्सिटी की 38 छात्राओं ने कुलपति को प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत की। जिस पर जांच कमेटी गठित कर दी गई हैं।

**प्रोफेसर का चैट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ :** प्रोफेसर पुलकित गुप्ता पहले भी विवादों में रह चुके हैं। इसको लेकर एक छात्रा के साथ उनका व्हाट्सएप चैट सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दावा किया जा रहा है कि प्रोफेसर ने छात्रा को घर बुलाने, डांस फ्लोर पर आकर डांस करने सहित अभद्र मैसेज किया। इसको अलावा 2015 बैच की छात्रों ने भी प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत की है।

**छात्राओं को प्रोफेसर ने धमकाया :** प्रोफेसर पुलकित गुप्ता के खिलाफ छात्राओं की शिकायत पर यूनिवर्सिटी ने जांच कमेटी गठित की। इस दौरान छात्रों ने आरोप लगाया कि जांच कमेटी ने उन्हें बयान के लिए बुलाया। लेकिन इस दौरान आरोपी प्रोफेसर ने उनके बयान के लिए जाने के दौरान छात्राओं को रोककर धमकाया। इसको लेकर कुलपति को शिकायत भी की है। इसमें छात्राओं ने बताया कि, उन्हें डर है कि प्रोफेसर उन्हें एग्जाम में बेक लगा देगा। बता दें कि 4 साल पहले भी आरोपी प्रोफेसर ने एक वाट्सएप ग्रुप में अश्लील वीडियो पोस्ट कर दिए थे। इसके अलावा प्रोफेसर पर एक टीचर के साथ भी दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लग चुका है।

# दिल्ली में 3 नेताओं को टिकट दे सकती है बीजेपी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। मार्च के पहले सप्ताह में चुनाव आयोग जहां तरीखों का ऐलान कर सकता है तो दूसरी तरफ पार्टियों ने उम्मीदवारों की लिस्ट को लगभग फाइनल कर ली है। कुछ दलों ने तो कई सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। 29 फरवरी को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी 150 से अधिक सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर सकती है। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गजों का नाम इस सूची में हो सकता है।

**दिल्ली में भी तीन उम्मीदवारों का होगा ऐलान :** टाइम्स ऑफ इंडिया ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भाजपा ने जहां उम्मीदवार फाइनल कर लिए हैं उनमें दिल्ली की तीन सीटें भी शामिल हैं। भाजपा इन तीन सीटों पर मौजूदा सांसदों को ही उतारने जा रही है। पश्चिमी दिल्ली से जहां परवेश वर्मा को एक बार फिर चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी है तो भोजपुरी गायक और पूर्वांचल के बड़े चेहरे मनोज तिवारी को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उतारा जाएगा। वहीं, रमेश बिधूड़ी पर भी पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताया है। बिधूड़ी को दक्षिणी दिल्ली सीट से लोकसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि दिल्ली की सात में से 3 सीटों पर नाम लगभग तय हो चुके हैं और अब इन पर केंद्रीय चुनाव समिति की मुहर लगनी ही बाकी है।

दूसरी लिस्ट में भाजपा अन्य चार सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान करेगी। अभी यह साफ नहीं है कि भाजपा सभी सीटों पर पुराने चेहरों को ही दोबारा उतारेगी या फिर कुछ बदलाव भी कर सकती है। पार्टी ने उम्मीदवारों के चयन से पहले सभी सीटों पर आतंरिक सर्वे कराया है और इसके नतीजे के आधार पर ही उन्मीदवारों के नाम फाइनल किए जा रहे हैं। मनोज तिवारी, परवेश वर्मा और रमेश बिधूड़ी के अलावा अभी दिल्ली से मौजूदा सांसद मीनाक्षी लेखी (नई दिल्ली), हर्षवर्धन (चांदनी चौक), गौतम गंभीर (पूर्वी दिल्ली) और हंसराज (उत्तर पश्चिमी दिल्ली) हैं।

**आप-कांग्रेस गठबंधन पर भी नजर :** दिल्ली में लगातार दो लोकसभा चुनाव में सभी सातों सीटों पर विपक्ष का सूपड़ा साफ करने वाली भारतीय जनता पार्टी के लिए इस बार कुछ अलग चुनौती है। पहली बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने चुनाव पूर्व गठबंधन किया है। इस बार दोनों पार्टियां एक साथ मिलकर भाजपा को टक्कर देने जा रही हैं। ऐसे में भाजपा उम्मीदवारों के चयन को लेकर अधिक सतर्क हो गई है। पार्टी की नजर इस बात पर भी होगी कि विपक्षी गठबंधन की तरफ से किसे चुनाव में उतारा जा रहा है।

## लहसुन की रखवाली के लिए बंदूकधारी गार्ड, सीसीटीवी कैमरे





**उज्जैन, एजेंसी।** अब तक आपने आभूषणों की दुकानों पर या बैंक के बंदूकधारी गार्डों को रखवाली करते हुए देखा होगा। लेकिन क्या खेत में ऐसा नजारा देखा है। आपको भले ही ये सवाल थोड़ा अटपटा लगे लेकिन मध्य प्रदेश में कुछ ऐसा ही हो रहा है। वजह है यहां आसमान छू रहे लहसुन के दाम। प्रदेश में लहसुन की कीमत इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि अब किसानों को खेतों में इनकी रखवाली के लिए बंदूकधारी गार्ड और सीसीटीवी कैमरे लगाने पड़ रहे हैं।

कई किसानों ने दावा किया है कि प्रदेश में लहसुन की कीमतें रिटेल मार्केट में 400 रुपये किलो पार पहुंच गई हैं, जबकि थोक बाजारों में दर 30,000 रुपये से 35,000 रुपये प्रति क्विंटल के बीच है। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर, उज्जैन के चिंतामन रोड पर मंगरोला गांव में, सुरक्षा गार्ड और बंदूकधारी किसानों को फसल से भरे खेतों में घूमते देखा गया है। कई संपन्न किसानों ने सीसीटीवी लगाए हैं और मॉनिटर पर अपने खेतों की निगरानी कर रहे हैं। किसान भरत सिंह बैस ने बताया कि चोर कई किसानों की उपज ले गए हैं। इसलिए अब वह अपनी 13 बीगा जमीन की रखवाली कर रहे हैं जिस पर उन्होंने लहसुन बोया है। बैस ने कहा, पिछले दो सालों से लहसुन की खेती में हमें भारी नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि, इस साल भाग्य हमारे साथ है। किसानों को फसल का 200 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा है. हमारी लहसुन की फसल अगले 15 दिनों में पक जाएगी इसलिए हम इस तरह से अपने खेत की रखवाली कर रहे हैं। एकेएस कंपनी चलाने वाले भोपाल स्थित सब्जी व्यापारी मोहम्मद सलीम ने कहा उन्होंने कभी लहसुन की कीमतें इस स्तर तक पहुंचते नहीं देखीं। थोक बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाले लहसुन की कीमत 200 रुपये प्रति किलोग्राम है। सलीम ने कहा, पूरे मप्र में थोक कीमतों में हर रोज उतार-चढ़ाव हो रहा है।

## गेझा में संघर्ष के बाद तनाव, 19 पर एफआईआर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गेझा गांव में सीवर लाइन डालने के दौरान दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के बाद 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं तनाव के मद्देनजर घटना स्थल पर पुलिस बल तैनात रहा है।

गेझा गांव में नोएडा प्राधिकरण की तरफ से कुछ घरों के लिए सीवर लाइन को लेकर खुदाई कराई जा रही थी। गांव के ही प्रमोद त्यागी, नीरज त्यागी आदि खुदाई करने के पक्ष में थे। जबकि राकेश त्यागी, सुबोध त्यागी आदि का कहना था कि सीवर लाइन के लिए जहां खुदाई की जा रही है। वह मंदिर जाने का रास्ता है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच शुरुआत में विवाद हुआ और बाद में जमकर लाठी डंडे चले। करीब 1 घंटे तक दोनों पक्षों के बीच संघर्ष होता रहा जिससे गांव में आफरी मच गई। दोनों पक्षों के लोग इस खूनी संघर्ष में घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया और स्थिति को सामान्य किया।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है महंत परमेश्वर दास की शिकायत पर प्रमोद नीरज योगेश विमल सिंह की अंकित सुधीर चौहान सोनू गौतम तथा नीरज त्यागी की शिकायत पर करतार प्रधान राकेश त्यागी सुबोध त्यागी यश त्यागी सुनील त्यागी सुमित शर्मा नवीन त्यागी भविष्य त्यागी संदीप त्यागी अंकित त्यागी आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है। वहीं इस घटना के बाद से गेझा गांव में अभी भी तनाव बना हुआ है।

## जमीन पर मालिकाना हक को लेकर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर क्षेत्र के जहांगीरपुर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों ही पक्ष जमीन पर अपना मालिकाना हक जाता रहे हैं।

कस्बा झज्जर निवासी धनेंद्र कुमार ने बताया कि उसके भाई गजेंद्र कुमार के नाम जहांगीरपुर में जमीन है। 23 फरवरी को उसके भाई की जमीन पर पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक शिवकुमार मंगल मोहनलाल उमेश्वर अनिल जबरदस्ती कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने पर वह तथा उसका भाई रविंदर गर्ग मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान शिवकुमार मंगल मोहनलाल उमेश अनिल आदि ने मारपीट कर उनके साथ गाली गलौज की पीड़ित के मुताबिक सभी लोग भू-माफिया किस्म के व्यक्ति हैं और उसके भाई की जमीन को जबरदस्ती कब्जा कार्पण चाहते हैं।

वहीं दूसरे पक्ष के एजवीर सिंह नए दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह प्रबंध समिति के अध्यक्ष हैं पब्लिक इंटर कॉलेज जहांगीरपुर के भूखंड की पैमाइश उप जिलाधिकारी द्वारा कराई गई थी जिसके उपरांत विद्यालय ने चार दिवारी कर दी थी कुछ वर्षों में पड़ोसियों ने चार दिवारी को खुर्द कर दिया था विद्यालय की ओर से दोबारा चार दिवारी कर दी गई और मरम्मत कार्य चल रहा था। इस दौरान रवि व धनेश मौके पर पहुंचे और विद्यालय की चारदीवारी को ढहाने लगे। उन्होंने जब उनसे चार दिवारी को ढहाने को मना किया गया तो वह गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# खाने के अलावा चीनी का सफाई में ऐसे करें इस्तेमाल

**चीनी किचन की मुख्य सामग्रियों में से एक है, जो हर एक घर के किचन का अहम हिस्सा है। आमतौर पर चीनी का इस्तेमाल खाने की सामग्रियों की मिठास बढ़ाने के लिए किया जाता है। चाहे गाजर का हलवा बनाना हो या फिर कॉफी में थोड़ी मिठास जोड़नी हो हमें सबसे पहले चीनी ही याद आती है। यही नहीं चीनी का उपयोग कई सौंदर्य उत्पादों और घरेलू नुस्खों के रूप में चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए भी किया जाता है।**

अगर हम आपसे कहें कि मिठास और सौंदर्य बढ़ाने वाली ये चीनी आपके घर की सफाई में भी काम आ सकती है, तो आप क्या कहेंगे ? जी हां ये सच है कि चीनी का इस्तेमाल कई तरह से किचन के अलावा घर की सफाई में भी किया जा सकता है।

## बर्तनों की सफाई

आपने कई बार नमक से बर्तनों की सफाई (ऐसे करें ताम्बे के बर्तनों की सफाई) के बारे में जरूर सुना होगा लेकिन चीनी का इस्तेमाल भी आपके बर्तनों में चमक ला सकता है। इसके लिए आपको चीनी और बेकिंग सोडा का घोल बनाकर बर्तनों में इस्तेमाल करना है। 4 बड़े चम्मच चीनी और एक बड़ा चम्मच बेकिंग सोडा लें। दोनों सामग्रियों को लगभग आधे कप पानी में मिलाएं और घोल तैयार करें। इस घोल से आप बर्तनों की सफाई करें। बर्तन चमक जाएंगे।

## चांदी को चमकाए

आप सभी कभी न कभी चांदी के आभूषण या फिर चांदी के बर्तनों को चमकाने के बारे में जरूर सोचते होंगे। चंडी बहुत जल्द ही हवा के संपर्क में आकर काली पड़ने लगती है। ऐसे में इसे चमकाने के लिए चीनी और गुलाबजल का मिश्रण तैयार करें। इसके लिए आप लगभग 3 चम्मच चीनी में 1 चम्मच गुलाबजल मिलाएं। इस मिश्रण को तब तक फेंटें जब तक ये दोनों सामग्रियां अच्छी तरह से मिक्स न हो जाएं। इस घोल को चांदी के आभूषण या फिर बर्तनों में लगाएं और स्क्रबर से साफ करें। बर्तनों और आभूषणों में चमक आ जाएगी।

## जंग साफ करें

कई बार कपड़ों या फिर अन्य जगहों पर लोहे के जंग या रस्ट का निशान पड़ जाता है। ये निशान जल्दी साफ नहीं होता है। इसे साफ करने के लिए आप चीनी का इस्तेमालकर सकती हैं। इसके लिए 2 चम्मच चीनी में 1 नींबू का रस निचोड़ें। इन दोनों सामग्रियों का मिश्रण बनाएं और इसे जंग वाले स्थान पर लगाएं। थोड़ी देर इस मिश्रण को लगा रहने दें और फिर पानी से धो लें। बहुत जल्द ही ये निशान हल्का होकर हट जाएगा।

## फर्श की सफाई

चीनी से आप अपने घर की फर्श को भी चमका सकती हैं। इसके लिए आप आधा कप चीनी में 2 चम्मच सिरका मिलाएं और इस मिश्रण को पानी में घोलकर पोछा लगाएं। आपकी फर्श चमक जाएगी। ये किचन के गंदे टाइल्सको साफ करने में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर फर्श पर कोई जिद्दी दाग है तो इस मिश्रण को पानी में मिलाए बिना ही दाग वाले स्थान पर रगड़ें और कुछ देर के लिए छोड़ दें। कुछ देर बाद कपड़े से साफ कर दें। जिद्दी दाग साफ हो जाएगा।

## कपड़ों से जिद्दी दाग हटाए

कई बार कपड़ों पर जिद्दी दाग लग जाते हैं जो जल्दी साफ नहीं होते हैं उन्हें साफ करने के लिए आप चीनी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए 2 चम्मच चीनी में 1 चम्मच टमाटर का रस मिलाएं या प्यूरी मिलाएं और इसमें 1/2 चम्मच नमक जोड़ें। सभी सामग्रियों को अच्छी तरह से मिलाएं और दाग वाली जगह पर अप्लाई करें। कुछ देर बाद कपड़े को धो लें दाग साफ हो जाएगा। ध्यान रखें कि सफेद और रंगीन कपड़ों में इसके इस्तेमाल से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।



# प्लांट्स की बेहतर ग्रोथ के लिए हाउसप्लांट लगाने से पहले जरूर करें यह काम

**आज के समय में हर व्यक्ति अपने घर में प्लांट्स को जगह देना चाहता है, भले ही उसके घर में स्पेस कम ही क्यों ना हो या फिर वह प्लांटिंग में बिगनर हो, तब भी प्लांट्स की मदद से वह अपने घर को ब्यूटीफुल बनाना चाहता है। हालांकि, कभी-कभी ऐसा भी होता है कि आप अपने घर में प्लांट्स लगाते हैं और उसकी ग्रोथ बेहतर तरीके से नहीं होती। इतना ही नहीं, आपका पौधा मर भी जाता है। ऐसे में आप अपने प्लांट को चेंज करते हैं।**

लेकिन वास्तव में आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। बस जरूरी है कि आप प्लांट को पॉट में लगाने से पहले कुछ चीजें अवश्य करें। ऐसे कई छोटे-छोटे स्टेप्स होते हैं, जिन्हें अगर प्लांटिंग से पहले फॉलो किया जाए तो इससे प्लांट्स की ग्रोथ बेहतर तरीके से होती है और अपेक्षाकृत बेहतर रिजल्ट मिलते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

## एप्सम सॉल्ट का करें इस्तेमाल

अगर आप पौधे को ट्रांसप्लांट कर रहे हैं तो ऐसे में पत्तियों के मुरझाने से लेकर डिस्कलरेशन का खतरा बना रहता है। ऐसे में बेहतर तरीका है कि आप एप्सम सॉल्ट का इस्तेमाल करें। यह पौधे को ट्रांसप्लांट शॉक से बचाने में मदद करता है। साथ ही, यह क्लोरोफिल उत्पादन में भी मदद करता है, जो पौधे को तेजी से ठीक करने और पोषक तत्वों को बेहतर ढंग से अवशोषित करने की अनुमति देता है। आप 2 लीटर पानी में 1/2 टेबल स्पून एप्सम सॉल्ट डालकर रोपण के बाद इसे आवश्यकतानुसार डाल सकते हैं या फिर आप 1 गैलन पानी में दो बड़े चम्मच एप्सम सॉल्ट भी मिला सकते हैं और इस घोल को महीने में एक बार पौधों में डाल सकते हैं। (रूफटॉप गार्डन बनाने के बारे में)

## रूटबॉल्स को करें स्क्रैच

अगर आप अपने प्लांट को रिपॉट कर रहे हैं तो यह जरूरी है कि आप उसकी रूट्स को अवश्य चेक करें। अगर रूट्स बहुत अधिक पैक हैं तो उन्हें ढीला करने के लिए आपको उन्हें थोड़ा स्क्रैच करना होगा। इसके अलावा, बेहतर होगा कि आप गहरे भूरे और सड़े हुए हिस्सों को भी हटा दें। हालांकि, इस प्रक्रिया को करते हुए यह सुनिश्चित करें कि आप इस दौरान रूटबॉल को नुकसान नहीं पहुंचा हैं। रूटबॉल को स्क्रैच करने वे खुल जाएंगे, जिससे नए पॉट में मिट्टी के साथ उनका बेहतर संपर्क हो सकेगा और उनकी ग्रोथ भी बेहतर होगी।

## वाटर अब्जार्बिंग क्रिस्टल्स का करें इस्तेमाल

वाटर अब्जार्बिंग क्रिस्टल्स की खासियत यह होती है कि यह पानी को होल्ड कर सकते हैं और फिर इसे धीरे-धीरे छोड़ सकते हैं। जिसके कारण यह उन बिजी गार्डनर के लिए एक बेहतरीन प्रोडक्ट है, जिनके पास पौधों की देखभाल करने के लिए अधिक समय नहीं होता है। प्लांट लगाने के लिए पॉटिंग मिक्स तैयार करने के बाद, एक मीडियम साइज के पॉट में एक मुट्ठी या अधिक वाटर अब्जार्बिंग क्रिस्टल्स या हाइड्रोजेल क्रिस्टल डालें। यह आपके हाउसप्लांट्स को उनकी आवश्यकता के अनुसार नमी को अवशोषित करने में मदद करेगा, जिससे उन्हें बेहतर तरीके से पनपने में मदद मिलेगी।

## वर्मीकम्पोस्ट को करें मिक्स

नए हाउसप्लांट को लगाने से पहले मिट्टी में वर्मीकम्पोस्ट डालने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। यह वाटर ड्रेनेज सिस्टम में सुधार करता है और मिट्टी को बेहतर बनाता है। जिससे स्वाभाविक रूप से पौधे के विकास में मदद मिलती है। फिलोडेंड्रोन और पोथोस जैसे पौधों को घर में लगाते समय आपको वर्मीकम्पोस्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। (गार्डन को स्मार्टली डेकोर करें)
पॉट को अच्छी तरह से स्टेरलाइज करें यदि आप पौधों को उगाने के लिए पुराने गमलों का उपयोग कर रहे हैं, तो आपको यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि आप उन्हें कीटाणुरहित अवश्य करें, ताकि वे नए पौधे को कोई कीट और रोग न पहुंचाएं। इसके अलावा, पॉट को एक भाग ब्लीच में 9 भाग पानी को मिक्स करें। इसके बाद, इसे कम से कम 10 मिनट के लिए भिगोएं। फिर, पॉट को डिश डिटर्जेंट और पानी के घोल में डालें और फिर पॉट को स्टील वूल या वायर-ब्रिसल ब्रश का उपयोग करके क्लीन करें। अंत में, पॉट को अच्छी तरह से धो लें और उन्हें साफ पानी की एक बाल्टी में तब तक भिगोएं, जब तक आप उनका उपयोग ना करें।



# क्या आप वर्किंग वुमन हैं

**आप वर्किंग वुमन हैं, आप अपना काम अच्छी तरह से पूरा करते हैं तो आपकी पहचान ऐसे कर्मचारी के रूप में है, जो उस कार्य विशेष को अच्छी तरह करना जानती हैं। लेकिन कुछ चीजें ऐसी भी होती हैं, जिनकी जिम्मेदारी आप को समझनी चाहिए।**

अधिकतर कर्मचारी यह नहीं समझते कि जिस कंपनी में वे नौकरी कर रहे हैं, उसका हिस्सा मानते हुए उसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी उन्हीं की है। यहां कुछ ऐसे ही कामों की सूची दी जा रही है, जो आपके जॉब प्रोफाइल में शामिल नहीं होते, पर यदि आप उन्हें करती हैं तो आपको आगे बढ़ने के लिए अवसर मिलते रहेंगे। क्योंकि बात जब प्रमोशन की आती है तो प्रबंधकीय टीम की नजर ऐसे लीडर्स पर होती है, जो उस कंपनी विशेष के साथ खुद को जोड़ कर देखते हैं।

## समस्याओं का अनुमान

भविष्य में आ सकने वाली समस्याओं का अनुमान लगाएं। अपने पास उनके समाधान तैयार रखें। घटनाएं होने का इंतजार न करें, अपने स्तर पर सक्रिय बनें। हम सबके पास ऐसे पल होते हैं, जब लगता है कि उस कार्य को हम और बेहतर कर सकते थे। जब भी ऐसे क्षण आएं तो पूरी योजना के साथ आगे आएं और उस काम को कर लें।

## आपके विचार और सुझाव

काम के दौरान यदि आपको लगता है कि किसी काम को अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकता है तो उस संबंध में अपना सुझाव दें। यदि आपका मैनेजर उसमें बाधा पहुंचा रहा है तो जहां भी आप अपने सुझाव दे सकती हैं, अवश्य दें।

## कहे जाने का इंतजार न करें

आपको लगता है कि कोई कार्य किया जाना है, जिसे कोई कर नहीं रहा है तो उसे करें। यहां तक कि लंच के बाद उस जगह को पुनर्व्यवस्थित करना या पार्टी आदि के किसी आयोजनों में मदद करने से पीछे न हटें। बहुत कम लोग होते हैं जो बिना कहे, काम किए जाने की जरूरत समझते हैं।

## लीडरशिप डेवलप करें

प्रत्येक टीम या प्रोजेक्ट का एक लीडर होता है तो वह आप क्यों नहीं हो सकते? यदि आप लीडर नहीं भी हैं तो भी अधिकतम योगदान दें। अपना सुझाव दें। यदि कोई काम गैर उपयोगी लगता है तो अपना मत पूरे शिष्टाचार के साथ व्यक्त करें।

## कंपनी के बारे में बुराई से बचें

किसी बात पर यदि सहमत नहीं है तो प्रश्न पूछें। पर इधर-उधर कंपनी के बारे में बुरा बोलना या फिर काम या बॉस के संबंध में अपशब्द कहना सही नहीं है। ऐसा करने से आपको कंपनी में और उच्च स्तर पर काम करने का अवसर नहीं मिलेगा।
जब भी आप काम पर हों तो कंपनी के कामों में सुधार करने की दिशा में अपना योगदान दें।

## ज्यादा से ज्यादा योगदान

यदि आप कस्टमर सर्विस में हैं और किसी को आपकी मदद की जरूरत है तो मात्र 'आप इस नंबर पर मिला लें', ऐसा न कहें। यदि संभव है तो उनको यह काम आप करके दें। अच्छी सेवाओं की उपभोक्ता प्रशंसा करते हैं। जब बॉस के सामने कोई ग्राहक कंपनी द्वारा दी जा रही अच्छी सेवाओं के माध्यम से आपकी तारीफ करता है, यह आपके लिए मायने रखता है।

## मीटिंग्स में चुप न रहें

मीटिंग में कुछ लोग बिल्कुल चुप रहते हैं, हमेशा ये रवैया सही नहीं होता। किसी भी कर्मचारी के लिए जरूरी है कि वह जिस तरह और जितना अधिक कामों में अपना योगदान दे सकता है, अवश्य दे। खासतौर पर महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स या उच्च स्तरीय कार्यों की बात हो तो उनमें अवश्य भाग लें। याद रखें, काम करने वालों को हमेशा नोटिस किया जाता है।

## दूसरी गतिविधियों से जुड़ें

एक कंपनी में कई तरह की गतिविधियां होती हैं। मसलन, आप डाइवर्सिटी कमेटी की सदस्य बन सकती हैं। ऐसे कामों से खुद को जोड़ सकती हैं, जहां लगता है कि आप बेहतर योगदान दे सकती हैं। यदि आपको कंपनी एचआर की ओर से किसी काम में वॉलंटियर बनने का ई-मेल मिलता है और आप वह काम कर सकती हैं तो अवश्य करें। कंपनी यदि किसी नए काम या प्रयास की जानकारी दे रही है तो उस बारे में सकारात्मक टिप्पणी भेजें, योगदान देने की अपनी मंशा को भी व्यक्त करें। मैनेजमेंट को यह बात पसंद आती है।



# पालक, स्वयं खाइये और दूसरों को भी खिलाइये

**पालक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। इसमें जहां आयरन की भरपूर मात्रा होती है, वहीं त्वचा के सौन्दर्य को भी निखारती है। आप घर में पालक की सब्जियां बनाइये। स्वयं खाइये और दूसरों को भी खिलाइये।**

## पालक कढ़ी



### सामग्री

250 ग्राम पालक, 100 ग्राम बेसन, 100 ग्राम दही, 1 बड़ा चम्मच तेल, 2 चुटकी हींग, एक चौथाई छोटा चम्मच जीरा, 4-5 कली लहसुन (कटा हुआ), दो खड़ी लाल मिर्च, एक चौथाई छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, एक चौथाई छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, नमक (स्वादानुसार), हरा धनियां (बारीक कटा हुआ)।

### बनाने की विधि

पालक की कढ़ी बनाने के लिए सबसे पहले पालक को साफ करके डंठल तोड़कर निकाल दें। पालक के पत्तों को साफ पानी से अच्छी तरह तीन-चार बार धो लें, फिर पालक के पत्तों को बारीक काट लें। अब दही को अच्छी तरह फेंट लें। इस दही में बेसन डालकर मिक्स करें। अब इस पेस्ट में पानी डाल कर पतला घोल बना लें। मध्यम आंच पर कढ़ाही में तेल डाल कर गरम करें। इसमें हींग और जीरे का तड़का डालें। फिर लहसुन और खड़ी लाल मिर्च डाल दें। इसके बाद हल्दी पाउडर डालें। अब इसमें कटा हुआ पालक और थोड़ा सा पानी डालकर ढंक दें। इसे धीमी आंच पर 10 मिनट पकने दें। अब पकी हुई पालक में बेसन का घोल डालकर तेज आंच पर इसे पकायें। इसे लगातार चलाते रहें। 10 मिनट बाद इसमें नमक और लाल मिर्च डालें। अब गैस धीमी करके 10 मिनट तक पकाएं।

## पालक कोफ्ता



### सामग्री

पनीर -200 ग्राम (मैश किया हुआ), कार्नफ्लोर - तीन बड़े चम्मच, कालीमिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच, साबुत जीरा - 1/4 चम्मच, नमक - स्वादानुसार

### भरावन के लिए

खोया -50 ग्राम] काजू के टुकड़े -5, किशमिश - 10

### ग्रेवी के लिए

पालक -250 ग्राम (उबाल कर पेस्ट बनाया हुआ), देशी घी - एक बड़ा चम्मच

### बनाने की विधि

कोफ्तो की सामग्री को मिलाएं और दस बराबर भागों में बांट लें। अब हर भाग में भरावन की सामग्री भरें। भरवां कोफ्तो को तेल में डीप फ्राई करें। अब कढ़ाही में देशी घी गर्म करें। पालक का पेस्ट मिलाएं और थोड़ा पानी मिला कर ग्रेवी बनाए उबाल आने पर ग्रेवी में कोफ्ते डाल दें और दो मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं अब गर्म गर्म परोसें।

## पालक सूप

### सामग्री

पालक कटा हुआ- 3 कप, लौकी ग्रेटेड- 2 बड़े चम्मच, अदरक ग्रेटेड- 1 बड़ा चम्मच, लहसुन- 3 कली बारीक कटी, तेजपत्ता- एक, नमक स्वादानुसार, कालीमिर्च दरदरी की हुई- 4-5, ताजा क्रीम- 2 छोटे चम्मच इच्छानुसार, पानी- 3 कप, प्याज- एक बारीक कटा, घी- एक चम्मच।

### बनाने की विधि

घी गरम कर प्याज को भूनें और ब्राउन कर गार्निशिंग के लिए अलग रख दें। एक सॉस पैन में 3 कप पानी डालकर पालक, लौकी, अदरक और लहसुन उबालें। 2-3 मिनट तक ढक्कन खुला रखकर नरम होने तक पकाएं। ठंडा करके ब्लैंडर में स्मूथ प्यूरी बना लें फिर छान लें। नमक और कालीमिर्च डालकर 2 मिनट और उबालें। यदि गाढ़ा लगे तो आवश्यकतानुसार पानी या दूध मिलाएं और फिर से उबालें। ब्राउन प्याज से या चाहें तो चीज और मक्खन से गार्निश कर ब्रेड के क्रुटॉन्स या ब्रेड स्टिक के साथ गरमागरम सर्व करें।



# भारतीय टीम को जीत के लिए चाहिये 152 रन

## इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 पर सिमटी , भारत ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के बनाये 40 रन

**रांची (एजेंसी)।** इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी दूसरी पारी में 145 रनों पर ही आउट हो गयी। मेहमान टीम के पास पहली पारी के आधार पर 46 रनों की बढ़त थी। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य मिला है। इसका पीछा करते हुए भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 40 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर खेल रहे थे।

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 307 जबकि इंग्लैंड ने 353 रन बनाये थे। चौथे टेस्ट के तीसरे दिन भारत ने सात विकेट पर 219 रनों से आगे खेलते हुए ध्रुव जुरेल के 90 रनों की सहायता से 307 तक बनाये। ध्रव ने 149 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 90 रन पर बनाये। इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए।

इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव के सामने टिक नहीं पाये। अश्विन ने 5 जबकि कुलदीप ने 4 विकेट लिए।

वहीं इससे पहले जुरेल की शानदार अर्धशतकीय पारी 90 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 307 रन बनाये। भारतीय टीम ने दूसरे दिन के सात विकेट पर 219 रनों से आगे खेलते हुए जुरेल की शानदार पारी की सहायता से चौथे दिन अपनी पारी में 307 रनों का अच्छा स्कोर बनाया। ध्रुव ने 149 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 90 रन बनाये। इससे पहले इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 353 रन बनाये थे। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड टीम को 46 रनों की बढ़त मिली है। मेहमान टीम की ओर से शोएब बशीर ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए।

भारतीय टीम की इस मैच में शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 2 रन बनाकर ही आउट हो गये। वहीं सरफराज खान 14 रन ही बना पाये। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक लगाकर टीम को संभाला पर मेहमान टीम के बशीर ने चार विकेट लेकर एक बार फिर भारतीय टीम को करार झटका दिया। भारतीय टीम मध्यक्रम के विफल होने से उम्मीद के अनुसार स्कोर नहीं बना पायी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 219 रन बना लिए। तब ध्रुव 30 और कुलदीप यादव 17 रनों पर खेल रहे थे।

वहीं इससे पहले इंग्लैंड टीम की भी पहली पारी में शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। अच्छी नहीं थी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने शुरूआत में ही तीन विकेट लेकर मेहमान टीम को संकट में डाल दिया था पर इसके बाद अनुभवी जो रुट ने टीम को संभाला और एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया।



रूट ने 274 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 122रन बनाए। उन्हें जॉनी बेयरस्टो 38, जैक क्राउले 42, बेन फोक्स 47 का भी साथ मिला। अंत में ओली रॉबिन्सन ने तेजी से 58 रन बनाए और अपनी टीम को 353 रन तक पहुंचाया। भारतीय टीम की ओर से मोहम्मद सिराज ने 2 जबकि आकाश दीप ने 19 ओवरों में 83 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं रवींद्र जडेजा ने केवल महज 67 रन देकर 4 विकेट लिए। अश्विन को भी एक विकेट मिला।

# यशस्वी 600 रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हुए



**रांची (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। यशस्वी ने अपनी इस पारी के साथ ही सीरीज में 600 रन पूरे किये। इस प्रकार वह ये आंकड़ा हासिल करने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज हैं। यशस्वी ने अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन बनाने के साथ ही अपने 600 रन पूरे किये।

यशस्वी ने इस सीरीज के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक लगाये हैं। इस प्रकार इस खिलाड़ी ने एक टेस्ट सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने के एक विशेष क्लब में नाम दर्ज कराया है। इस क्लब में पहले से ही पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट सीरीज में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए थे। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई सीरीज में ये उपलब्धि हासिल की थी। वहीं गावस्कर ने 1970-71 की इस सीरीज में ही चार शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन है। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने एक टेस्ट सीरीज में दो अवसरों पर 700 से ज्यादा रन बनाये हैं।

# रोहित शर्मा के नाम जुड़ी एक और उपलब्धि, टेस्ट में पूरे किए 4000 रन

**रांची (झारखंड) (एजेंसी)।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान जब वह 192 रन के लक्ष्य को भेदने मैदान में उतरे तब उन्होंने अपने 4000 टेस्ट रन पूरे किए। पहली पारी में रोहित सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए जबकि दूसरी पारी में वह 24* रन बनाकर नाबाद हैं।

रोहित अब तक सीरीज में मिली शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए हैं। उन्होंने अब तक चार मैचों में 38 की औसत और 65.35 के स्ट्राइक रेट से एक शतक (राजकोट में 131) के साथ 266 रन बनाए हैं। 58 टेस्ट मैचों में रोहित ने 44.97 की औसत से 4,003 रन बनाए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 है। उन्होंने 100 पारियों में 11 शतक और 16 अर्द्धशतक बनाए हैं।

मैच की बात करें तो ध्रुव जुरेल (90) के जोरदार संघर्ष के बाद चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को



रविचंद्रन अश्विन (51 रन पर पांच विकेट) और कुलदीप यादव (22 रन पर चार विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड की दूसरी पारी 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारत पहली पारी में 307 रन बना सका था जिससे मेहमान टीम को पहली पारी में 46 रन की बढ़त मिली जबकि दूसरी पारी में यह बढ़त 191 रन की हो गई। 192 रन के विजय लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दिन का खेल खत्म होने के समय अपनी दूसरी पारी में बगैर विकेट खोये 40 रन बना लिए थे। कप्तान रोहित शर्मा (24) और यशस्वी जायसवाल 16 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे।

# ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित तीसरा टी20 मैच भी जीता, न्यूजीलैंड को किया क्लीन स्वीप

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस सिस्टम के तहत 27 रन से हराकर 3-0 से श्रृंखला अपने नाम की।

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने अपने 100वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में टॉस जीता और ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी के लिए भेजा, यह ध्यान में रखते हुए कि बारिश मैच के बाद स्थिति तय कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया की पारी बारिश के कारण तीन बार बाधित हुई और अंततः 10.4 ओवर के बाद समाप्त हुई जब स्कोर 118-4 था। डकवर्थ-लुईस प्रणाली के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में जीत के लिए 126 रन का लक्ष्य दिया गया था, जो अपेक्षाकृत अच्छा लक्ष्य लग रहा था। लेकिन न्यूजीलैंड ईडन पार्क में तीन दिनों में दूसरी बार रन चेज में विफल रहा और ऑस्ट्रेलिया के विश्व स्तरीय आक्रमण पर विजय पाने में असमर्थ रहा। 10 ओवर की पारी के लिए संशोधित नियमों के तहत ऑस्ट्रेलिया को पांच गेंदबाजों को अनुमति दी गई थी जो तीन ओवर के पावर प्ले के साथ दो-दो ओवर फेंक सकते थे। युवा बाएं हाथ के स्पेंसर जॉनसन ने अपने दो ओवरों में 10 रन देकर एक विकेट लिया। नाथन एलिस ने अपने दो ओवरों में




केवल 11 रन दिए, मिशेल स्टार्क ने केवल 15 और एडम जम्पा ने 20 रन देकर एक विकेट लिया।

एलिस ने पांचवें ओवर में न्यूजीलैंड के सबसे बड़े हिटर ग्लेन फिलिप्स को चार डॉट गेंदें फेंकी और पारी के मध्य में न्यूजीलैंड का स्कोर 51-2 था और उसे आखिरी 30 गेंदों में 75 रनों की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने ब्लैक कैप्स बल्लेबाजों को निराश करने के लिए कड़ी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करना जारी रखा और एलिस द्वारा केवल 8 रन देकर नौवां ओवर फेंकने के बाद न्यूजीलैंड को जीत के लिए आखिरी ओवर में 43 रनों की जरूरत थी।

आखिरी ओवर में गेंदबाजी मैट शॉर्ट को मिली जिन्होंने पहले ही नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए 11 गेंदों में 27 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के लिए योगदान दिया था। ओवर की पहली गेंद छह रन के लिए गई लेकिन अगली तीन गेंदें सिंगल थीं, पांचवीं गेंद दो रन के लिए और आखिरी गेंद पर चौका लगा और न्यूजीलैंड को फिर निराशा का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही न्यूजीलैंड टी20 सीरीज 3-0 से हार गया।

# हसरंगा पर दो मैचों का प्रतिबंध लगा

कोलंबो । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंकाई स्पिनर और कप्तान वानिंदु हसरंगा पर दो मैचों का प्रतिबंध लगा दिया है। आईसीसी ने ये प्रतिबंध इसलिए लगाया है क्योंकि हसरंगा मैच के दौरान अंपायर से बहस करने लगे थे।



प्रतिबंध के साथ ही हसरंगा की आधी मैच फीस भी काट दी गयी है। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में हसरंगा नोबॉल नहीं दिए जाने को लेकर मैदानी अंपायर से उलझ गये थे। इसके साथ ही हसरंगा ने मैच के बाद अंपायर लेंड्न हन्नीबल को कोई दूसरा काम भी तलाशने की सलाह दे दी थी। इसी से आईसीसी नाराज हो गयी। अंपायर से इस तरह से दुर्व्यहार करने के लिए आईसीसी ने हसरंगा को ये सजा दी है। इसके साथ ही आईसीसी ने हसरंगा के अंपायर के फैसले का विरोध करने के लिए उनपर 3 नकारात्मक अंक के साथ ही 50 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया है। पिछले 24 महीनों में हसरंगा के नकारात्मक अंकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है, जिसके चलते उनपर दो मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया है। आईसीसी ने हसरंगा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी भी पाया है। श्रीलंकाई ऑलराउंडर के 5 नकारात्मक अंक दो मैचों के प्रतिबंध में बदल गए हैं। इससे साफ हो गया है कि हसरंगा या तो एक टेस्ट या दो एकदिवसीय या टी20 जो भी पहले होगा उसमें नहीं खेल पायेंगे।

# अश्विन ने कुंबले का एक रिकार्ड तोड़ा



रांची । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पांच विकेट लेने के दौरान एक अहम उपलब्धि हासिल की है। अश्विन अब घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। अश्विन ने घरेलू मैदान पर अपने 59वें टेस्ट में 351वां विकेट लेकर दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया है। कुंबले के नाम 350 विकेट का रिकार्ड है। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के तीसरे दिन लंच के बाद के ही ये अहम रिकार्ड अपने नाम किया। अब अश्विन घरेलू मैदान पर 350 या उससे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड और भारत कुंबले के बाद 5वें गेंदबाज बने हैं। अश्विन ने बेन डकेट का विकेट लेने के साथ ही कुंबले की बराबरी की, इसके बाद उन्होंने ओली पोप को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेजकर कुंबले को पीछे छोड़ दिया। घरेलू मैदान पर 350 या अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में मुरलीधरन के नाम 493, एंडरसन के नाम 434, ब्रॉड के नाम 398 विकेट और अश्विन के नाम 351 विकेट जबकि कुंबले के नाम 350 विकेट हैं।

# विराट कोहली तोड़ सकते हैं सचिन के टेस्ट शतक का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मॉर्डन डे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट में सबसे ज्यादा 51 शतक बनाए हैं। अब इनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए विराट को दावेदार बताया जा रहा है। हालांकि विराट को भी तीन अन्य दिग्गज चुनौती दे रहे हैं। फैब-4 यानी विराट कोहली के अलावा स्टीव स्मिथ, जो रूट और केन विलियमसन का नाम आता है। वैसे वनडे में शतकों का रिकॉर्ड विराट कोहली (50 शतक) अपने नाम कर चुके हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि टेस्ट में भी वह इस कीर्तिमान को अपने नाम कर लेंगे। लेकिन क्रिकेट के इस फॉर्मेट में कहानी अलग दिख रही है। विराट कोहली को यहां मॉर्डन क्रिकेट के तीन दिग्गजों से कड़ी टक्कर मिल रही है। हाल ही में रांची टेस्ट में शतक के साथ जो रूट ने अपना 31वां टेस्ट शतक पूरा किया और इस जंग को और दिलचस्प बना दिया है।



जानकारी के अनुसार टेस्ट क्रिकेट में कोहली के नाम जहां अभी 29 शतक हैं। वहीं, स्टीव स्मिथ (34 शतक), जो रूट (33 शतक) और केन विलियमसन (32 शतक) उनसे आगे चल रहे हैं। साथ ही उम्र के मामले में ये तीनों क्रिकेटर उनसे बाजी मार रहे हैं। कोहली जहां 35 साल के हैं। वहीं, विलियमसन (33 साल), जो रूट (33 साल) और स्टीव स्मिथ (34 साल) के हैं। उम्र क्रिकेटर कितनी साल क्रिकेट खेलेगा उसको काफी हद तक करती है। उस लिहाज से कोहली को इन तीनों से कड़ी टक्कर मिल रही है और आगे भी मिलते रहने की संभावना है। आंकड़ों पर निगाह डालें तो शतकों के लिहाज से विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में खास नहीं कर पाए हैं। उनके नाम पिछले 29 टेस्ट में केवल दो शतक ही लगाए हैं। जिसमें उन्होंने एक पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ (121) 20 जुलाई 2023 को और दूसरा 9 मार्च 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में लगाया था।

क्रिकेट के जानकार बता रहे हैं कि अगर कोहली को इस रेस में आगे निकलना है तो अपने शतकों की रफ्तार में इजाफा करना होगा। अन्य तीन बल्लेबाजों की बात करें तो ये तीनों ही आज कल कमाल की फॉर्म में चल रहे हैं। विलियमसन ने हालिया बांग्लादेश के खिलाफ लगातार दो टेस्ट में तीन शतक ठोक दिए। स्टीव स्मिथ ने भी बीते साल 3 शतक लगाए थे और इस साल 91 रन पर नाबाद रह चुके हैं। ऐसे में वह लगातार क्रिकेट के मैदान में आगे बढ़ रहे हैं।

# गावस्कर के बयान पर बोले रुट , स्कूप शॉट सही विकल्प नहीं था

रांची । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में शानदार शतक लगाने वाले इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट की जमकर प्रशंसा की है पर कहा था कि उनको स्कूप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा करना था। शुरुआती तीन मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद रुट ने भारतीय टीम के खिलाफ



चौथे टेस्ट की पहली पारी में 122 रन बनाये। वहीं रूट ने गावस्कर के बयान का जवाब देते हुए कहा कि मेरे दिमाग में भी रिवर्स स्कूप खेलने की बात आई थी पर मेरे लिए यह एक अच्छा विकल्प नहीं था क्योंकि पारी में इसी कारण मुझे अपना विकेट खोना पड़ा था। इस बार में टीम के लिए कुछ रन बनाना चाहता था और ऐसा करके मुझे खुश हुई है। वहीं पहले दिन के खेल के बाद गावस्कर ने कहा था कि रुट ने शानदार पारी खेली। यह पुराने समय की टेस्ट पारी जैसी थी पर मुझे इससे निराशा हुई कि उन्होंने स्कूप शॉट खेलकर शतक पूरा नहीं किया। मैं सच में यही चाहता था। जब वह स्कूप शॉट लगाकर अपना शतक पूरा करते तो दर्शकों का उत्साह बढ़ता।

# सरफराज के नक्शेकदम चल रहे उनके छोटे भाई मुनीर, लगा रहे शतक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरफराज के छोटे भाई मुनीर भी उनके नक्शेकदम चल रहे हैं। वह भी दनादन शतक लगा रहे हैं। बता दें कि भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस वक्त टेस्ट सीरीज में खेल रही है। 5 मैचों की इस सीरीज में लंबे समय से रणजी ट्रॉफी में रनों का अंबार लगाने वाले बल्लेबाज सरफराज खान को डेब्यू करने का मौका मिला। राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में उन्होंने अपना पहला मैच खेलते हुए धमाकेदार शुरुआत की और दोनों ही पारियों में अर्धशतक जमाया। सरफराज के छोटे भाई भी उनकी राह पर चल रहे हैं और दना दन शतक लगा रहे हैं। हैदराबाद में मैच गंवाने के बाद विशाखापत्तनम और फिर राजकोट टेस्ट को अपने नाम किया। 0-1 से पीछे होने के बाद दो जीत दर्ज कर टीम इंडिया ने 2-1 की बढ़त बनाई। तीसरे मुकाबले में घरेलू



क्रिकेट में शतक पर शतक जमाकर रनों का अंबार लगाने वाले सरफराज खान को डेब्यू करने का मौका मिला। अब उनके छोटे भाई ने मुंबई की टीम के लिए जलवा बिखेरा है।

जहां राजकोट टेस्ट मैच में सरफराज खान ने धमाकेदार डेब्यू किया और सबकी वाहवाही लूटी। वहीं उनका छोटा भाई मुशीर खान का बल्ला भी जमकर हल्ला मचा रहा है। साउथ अफ्रीका में खेले गए अंडर 19 विश्व कप में दमदार पारी खेलते हुए दो शतक जमाने के बाद अब वह घरेलू क्रिकेट में भी सैकड़ा जमाया है। रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा के खिलाफ मुश्किल में मुंबई के लिए मुशीर ने सेंचुरी ठोकी। इसके अलावा मुंबई की टीम के 142 रन के स्कोर पर ही 5 विकेट गिर चुके थे और यहां से मुशीर खान ने टीम को 250 रन के पार पहुंचाया। कप्तान अजिंक्य रहाणे महज 3 रन ही बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। जबकि मुशीर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 179 बॉल का सामना करते हुए 6 चौके की मदद से शतक जड़ा।

# पीएसएल में दर्शकों पर भड़के बाबर आजम

लाहौर। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2024 में अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम विवादों में फंस गये हैं। आजम यहां अपनी दर्शकों पर भड़क गये। इसका कारण ये था कि दर्शकों ने उन्हें जिमबाबर कहकर ताना माना इससे बाबर गुस्से में आ गये और वह हाथ में बोतल लेकर दर्शकों को धमकी देने लगे। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ है। इस मैच में पेशावर जाल्मी और मुल्तान सुल्तांस की टीमें आमने-सामने थीं। वहीं बाबर अपनी टीम के प्रबंधकों, कोचों के साथ कुर्सी पर बैठे दिखे। इस दौरान दर्शक बाबर पर ताना कसने लगे। वीडियो में उन्हें जिम्बाबर कहा गया। इससे बाबर भड़क गये। उन्होंने पहले तो ट्रोलरों को नजरअंदाज किया पर जब वह नहीं रुके तो



उन्होंने ट्रोलर्स को डराने के लिए बोतल फेंकने की धमकी दी। इस घटना को लेकर अलग-अलग विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। अधिकतर प्रशंसकों ने दर्शकों के इस रवैये की आलोचना की है। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस बारे में अभी तक इस कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि क्रिकेट प्रशंसक आमतौर पर आजम को कमजोर टीमों जिमबाब्वे, श्रीलंका, आयरलैंड के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन। वहीं इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड जैसी टीमों के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन करने वहीं के कारण ट्रोल करते आये हैं।

# प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप : संग्राम सिंह की धमाकेदार वापसी, पाकिस्तानी रेसलर को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुबई ‍– छह साल बाद वापसी करते हुए भारत के संग्राम सिंह अपनी जीत की राह पर लौट आए और उन्होंने शबाब अलहली क्लब में अंतर्राष्ट्रीय प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप के दौरान पाकिस्तान के मोहम्मद सईद को करीबी मुकाबले में 30-23 के अंतिम स्कोर से हरा दिया। इस जीत के साथ संग्राम सिंह ने कुल 6 राउंड की प्रतिस्पर्धा के बाद प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक और 3 करोड़ की पुरस्कार राशि के साथ-साथ एक बार फिर मैट पर अपना दबदबा कायम कर लिया।

जीत के बाद उन्होंने कहा, %यह जीत मेरे सभी देशवासियों को समर्पित है जिन्होंने हमेशा मेरा और मेरे प्रयासों का समर्थन किया है और उन सभी युवाओं को भी जो बड़े सपने देखते हैं। हर किसी को अपने सपनों के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ मैट पर वापस आकर मुझे खुशी है। इस लड़ाई की तैयारी कठिन थी क्योंकि मेरा प्रतिद्वंद्वी मेरे वजन से लगभग 9-10 किलोग्राम अधिक थी और मुझसे लगभग 17 साल छोटा है, लेकिन यह वास्तव में एक अच्छी लड़ाई थी और मैं उसे भी एक शानदार मुकाबले के लिए बधाई देता हूं। अपने आप पर विश्वास रखें और हम सब कर सकते हैं चैंपियन बनें।'

इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग चैंपियन 2024 दुबई ने एक विशाल बेंच स्ट्रेंथ का दावा किया है जो विशिष्ट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहलवानों को प्रदर्शित करता है, जो अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक सर्किट पर पदक का दावा करते हैं। संग्राम ने कहा, 'कुश्ती का यह खेल सज्जनतापूर्ण आचरण का उदाहरण देता है, और मेरा लक्ष्य फिट इंडिया की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है। मुहम्मद सईद के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना, जो अपने आप में एक शानदार एथलीट है, इस बात पर जोर देने का सही तरीका होगा कि उम्र कोई बाधा नहीं है और मैं वर्ल्ड प्रोफेशनल रेसलिंग हब द्वारा आयोजित अपनी प्रत्याशित वापसी को पूरा करने के लिए एक महान लड़ाई की प्रतीक्षा कर रहा हूं।'



# विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेल सकती है पाकिस्तान

कराची । पाकिस्तान जून 2024 में होने वाले विश्व कप की तैयारी के सिलसिले में न्यूजीलैंड के खिलाफ अप्रैल में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेल सकती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी ने पुष्टि कर बताया कि न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ इस श्रृंखला की तिथियों और स्थान को लेकर चर्चा चल रही है। इस श्रृंखला का आयोजन 13 से 24 अप्रैल के बीच लाहौर और रावलपिंडी में हो सकता है, क्योंकि इसी दौरान पाकिस्तान कराची में वेस्टइंडीज की महिला टीम की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैच की टी20 श्रृंखला खेली थी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में 4-1 से जीत दर्ज की थी। दरअसल टी20 विश्व कप का आयोजन इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होगा।



# लड़ाई के प्रेस कवरेज ने शुरुआत में परेशान किया : सुनील ग्रोवर

## -कपिल शर्मा के साथ लड़ाई को लेकर कॉमेडियन की चर्चा

हाल ही में कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने कपिल शर्मा के साथ मनमुटाव खत्म करने के बारे में बात की और स्वीकार किया कि उनकी लड़ाई के बारे में प्रेस कवरेज ने शुरुआत में उन्हें परेशान किया था। एक्टर ने कहा कि शुरुआत में, मैं परेशान हो जाती थी, लेकिन अब नहीं। मैं सच्चाई जानता हूं इसलिए कोई जो कहता या समझता है, वह उसकी समस्या है, मेरी नहीं।' एक्टर ने आगे कहा कि जो उंगली उठाते हैं, उनकी विश्वसनीयता क्या है? यदि मुझे किसी चीज का जवाब देने की जरूरत होगी, तो मैं ऐसा करूंगा, लेकिन आमतौर पर स्पष्टीकरण की कोई जरूरत नहीं होती है। उनके पास मामले की पूरी समझ नहीं है, कोई तथ्य नहीं है, वे बस कुछ कह रहे हैं, क्योंकि यह उनका काम है। निगेटिव बातें लिखने से ज्यादा ध्यान आकर्षित होता है और आखिर में वे सब समझ जाएंगे। कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो में अपने काल्पनिक किरदारों 'गुत्थी' और 'डॉ मशहूर गुलाटी' के बेहद लोकप्रिय होने के बाद सुनील ग्रोवर घर-घर में इसी नाम से पहचाने जाने लगे। आपको बता दें कि साल 2018 में, जब दोनों कॉमेडियन ऑस्ट्रेलिया में एक शो से लौट रहे थे तो फ्लाइट में उनके बीच बुरी लड़ाई हो गई। इसके बाद सुनील ने कपिल के साथ काम करना बंद कर दिया और दोनों ने पिछले साल तक एक-दूसरे से बात नहीं की। कपिल ने कई बार सुनील से वापस आने की रिक्वेस्ट की।

मेकर्स ने भी सुनील को वापस लाना चाहा, लेकिन वह नहीं आए। अब 6 साल बाद दोनों साथ में धमाका करने को तैयार हैं। बता दें कि कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर की 6 साल लंबी लड़ाई अब खत्म हो गई है। कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के बीच जो भी हुआ वो जगजाहिर हैं। अब फैंस दोनों के साथ आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मशहूर कॉमेडियन सुनील ग्रोवर आजकल अपने वेब सीरीज 'सनफ्लावर' को लेकर सुर्खियों में हैं। सीरीज में उनके 'सोनू' के किरदार ने लोगों को 'गुत्थी' और 'डॉ गुलाटी' का याद दिला दी है।



# फैंस सनी देओल को लाहौर 1947 में देखने के लिए बेताब

बालीवुड एक्टर सनी देओल को उनके फैंस अपकमिंग फिल्म लाहौर 1947 में देखने के लिए बेताब हैं। इसे आमिर खान के प्रोडक्शन तले बनाया जा रहा है। भले ही कैमरे के सामने नहीं लेकिन कैमरे के पीछे रहकर भी आमिर, सनी के साथ काम कर रहे हैं। अब तक फिल्म में सनी के अलावा प्रीति जिंटा और अभिमन्यु सिंह के स्टार कास्ट होने की जानकारी थी। अब एक और नाम इस लिस्ट में जुड़ने की खबर आ रही है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक अली फजल भी फिल्म का हिस्सा होंगे। वह फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगे। अली के बारे में तो सब जानते ही हैं कि वह कितने टैलेंटेड हैं। उन्होंने ना सिर्फ बॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड में भी अपना नाम कमाया है। अली ने अपने करियर में कई किरदार निभाए, लेकिन मिर्जापुर सीजन 1 और 2 से उनका गुड्डू भैया और फुकरे 3 से जफर भाई के किरदार को काफी पसंद किया गया है। अब लाहौर 1947 से उनके जुड़ने की वजह से फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।

उन्होंने कहा था, यह रीयूनियन है की टैलेंटेड लोगों का। मैंने आमिर के साथ फिल्म अंदाज अपना-अपना में काम किया था। इस बार वह बतौर प्रोड्यूसर साथ काम कर रहे। सनी के साथ मैंने घायल, दामिनी और घातक फिल्म की है। राजकुमार का कहना है कि यह बेस्ट ड्रीम टीम है। फिल्म लाहौर 1947 की बात करें तो राजकुमार संतोषी इसे निर्देशित कर रहे हैं और आमिर खान अपने प्रोडक्शन हाउस के तले इसे प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म में अभिमन्यु सिंह का नेगेटिव रोल होगा। कुछ दिनों पहले ही निर्देशक राजकुमार संतोषी ने ए आर रहमान और जावेद अख्तर के फिल्म से जुड़ने की अनाउंसमेंट भी की थी।

# शैतान से पहले भी कई रीमेक कर चुके अजय देवगन, एक ने कमाए 200 करोड़ रुपये



इंडस्ट्री में पिछले कई सालों से अपनी अदायगी का जादू बिखेरने वाले अजय देवगन को सिनेप्रेमियों द्वारा एक सुपरस्टार के रूप में पहचाना जाता है।वह फिल्मों में बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीतते हैं। हालांकि, अभिनेता ने पिछले काफी से समय से रीमेक फिल्में बनाकर अपना जादू चलाया है।आपको जानकर हैरानी होगी कि उनकी आगामी फिल्म शैतान भी एक रीमेक है।चलिए आपको बताते हैं अजय की रीमेक फिल्मों और उनके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन के बारे में।पिछले काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई अजय की सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान इस समय दर्शकों के दिलों-दिमाग पर छाई हुई है।बीते दिन रिलीज हुआ फिल्म का ट्रेलर भी जोरदार है, जिसमें अजय के साथ-साथ आर माधवन की अदाकारी देख लोगों के होश उड़ गए हैं।निर्देशक विकास बहल की शैतान साल 2023 में रिलीज हुई एक गुजराती फिल्म वश की रीमेक है, जो टिकट खिड़की पर ब्लॉकबस्टर रही थी।पिछले साल रिलीज हुई अजय और तब्बू की भोला तमिल फिल्म कैथी का रीमेक थी। कार्थी अभिनीत कैथी ब्लॉकबस्टर रही थी, लेकिन अजय ने उसमें बॉलीवुड का ऐसा तड़का लगाया जो दर्शकों को रास नहीं आया।फिल्म ने 90.31 करोड़ रुपये कमाए थे, जो इसकी लागत से भी कम थे।रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत करने वाली सिंघम को सूर्या की इसी नाम की तमिल फिल्म से बनाया गया था। फिल्म 100.31 करोड़ रुपये कमाकर सुपरहिट रही थी।अजय की 2006 में आई गोलमाल ने दर्शकों को खुले दिल से प्यार दिया था। फिल्म टिकट खिड़की पर हिट रही थी। यह फिल्म साउथ सुपरस्टार मोहनलाल की मलयालम फिल्म कक्काकुयिल का हिंदी रीमेक थी। 11 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म ने 29.54 करोड़ रुपये कमाए थे।अजय की एक और ब्लॉकबस्टर फैंचाइजी दृश्यम भी मोहनलाल की इसी नाम से आई फिल्म का रीमेक है। दृश्यम ने 67.14 करोड़ रुपये और दृश्यम 2 ने 239.6 करोड़ रुपये कमाए।अजय, संजय दत्त और सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत फिल्म सन ऑफ सरदार एसएस राजामौली की ब्लॉकबस्टर तेलुगु फिल्म मर्दादा रामना का हिंदी रीमेक है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 105.10 करोड़ रुपये की कमाई की थी।अजय और तमन्ना भाटिया अभिनती फिल्म हिम्मतवाला को लोग जितेंद्र और श्रीदेवी की फिल्म का रीमेक समझते हैं, लेकिन असल में यह तेलुगु फिल्म ओरिकी मोनागाडु का रीमेक थी। हालांकि, अजय अभिनीत हिम्मतवाला बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी।



# काम पर लौटे मिथुन, कोलकाता में कर रहे शूट

मशहूर अभिनेता व राजनेता मिथुन चक्रवर्ती अब एकदम ठीक हैं। वे काम पर लौट आए हैं। मिथुन कोलकाता में फिल्म शास्त्री की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्ममेकर मधुर भंडारकर ने शास्त्री के सेट से मिथुन का वीडियो शेयर किया, जिसमें वे दुरुस्त दिख रहे हैं। हाल ही मिथुन को ब्रेन स्ट्रोक आया था, इसकारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। मिथुन को 12 फरवरी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी। मधुर ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह कहते हैं कि मैं कोलकाता में हूं और शास्त्री के सेट पर हूं। मैं यहां मिथुन दादा के साथ हूं। तभी मिथुन बोलते हैं कि इस आदमी को मैं बहुत छोटे से जानता हूं। मेरे घर में ये वीडियो कैसेट लेकर आता था। बीवी फोन करती थी कि मधुर ये कैसेट चाहिए, लेकर आजा। अब देखिए, ये आदमी आज 5 बार नेशनल अवार्ड विनर है। ये तभी होता है, जब सपना सच हो। मैं हर बार बोलता हूं कि सपना सच होना चाहिए। मेहनत और ये सब आएगा। लेकिन सपना सच होना चाहिए।





# 'आर्टिकल 370'' ने तोड़ा 'द कश्मीर फाइल्स' का रिकॉर्ड, फिल्म ने की शानदार ओपनिंग

एक्ट्रेस यामी गौतम धर की फिल्म 'आर्टिकल 370' हाल ही में रिलीज हुई है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म चर्चा में है और दर्शकों को फिल्म काफी पसंद आ रही है। दर्शक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस फिल्म की सराहना की। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अन्य फिल्मों की तुलना में पहले दिन की बुकिंग काफी अच्छी है। सैक्निल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 5.75 करोड़ का बिजनेस किया है। आदित्य सुहास जंबले के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 42.8प्र. बुकिंग मिली है। फिल्म 'आर्टिकल 370' ने विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने रिलीज के पहले दिन 3.55 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म में यामी गौतम, प्रियामणि, अरुण गोविल मुख्य भूमिकाओं में हैं और यामी एक एनआईए अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जिन्हें अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर में शांति लाने और आतंकवादी अभियान को विफल करने का काम सौंपा गया है। फिल्म में 'आर्टिकल 370' को हटाने के लिए संघर्ष, कश्मीर का इतिहास और आतंकवाद की पृष्ठभूमि, राजनीतिक हस्तक्षेप सभी पर टिप्पणी की गई है। फिल्म में यामी गौतम के साथ प्रियामणि, राज जुत्शी, सुमित कौल, राज अर्जुन, असित गोपीनाथ रेडिज, किरण करमरकर, अश्वनी कुमार और इरावती हर्षे भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यामी के पति और 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर आदित्य धर ने लोकेश धर के साथ मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

# दिव्या खोसला और भूषण कुमार में अलगाव की अफवाहें



बालीवुड के सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता और टीसीरीज के मालिक भूषण कुमार और उनकी पत्नी अभिनेत्री और निर्देशिका दिव्या खोसला कुमार को लेकर अलगाव की खबरें आ रही हैं। दिव्या खोसला कुमार, बॉलीवुड के पॉपुलर प्रोड्यूसर भूषण कुमार की पत्नी हैं। भूषण और दिव्या की लव मैरिज है और दोनों ने हमेशा एक-दूसरे को पर्सनली और प्रोफेशनली सपोर्ट किया है। लेकिन अब ऐसे खबर आ रही है कि दोनों पति-पत्नी के बीच शायद अब कुछ सही नहीं है। यह खबर तब आई जब फैंस ने नोटिस किया कि दिव्या ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने नाम के आगे से कुमार सरनेम हटा दिया है। इतना ही नहीं यूजर्स ने रेड्डिट पर दिव्या के फॉलोइंग लिस्ट की भी स्क्रीनशॉट शेयर की जिससे पता चल रहा है कि दिव्या, भूषण कुमार की कंपनी टी सीरीज को भी फॉलो नहीं कर रही हैं। इस स्क्रीनशॉट को शेयर कर लिखा जा रहा है कि दिव्या ने आखिर कुमार सरनेम क्यों हटा दिया। क्या दोनों अब साथ नहीं हैं या अलग हो रहे हैं।बता दें कि कुछ समय पहले जब भूषण पर एक महिला ने आरोप लगाए थे तब दिव्या उनके सपोर्ट में खड़ी थीं। दिव्या ने कहा था, मेरे पति आज टी सीरीज को जिस मुकाम तक लेकर आए हैं उसके लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है। लोग तो भगवान श्री कृष्ण तक के खिलाफ खड़े थे। माना कि मीटू मूवमेंट सोसाइटी से गलत लोगों का असली चेहरा सबको दिखाना है, लेकिन कुछ लोग इसका गलत फायदा उठा रहे हैं। मैं हमेशा अपने पति के साथ खड़ी रही हूं। यह बहुत दुख की बात है कि लोग बिना किसी प्रूफ के किसी पर कुछ भी आरोप लगा लेते हैं। एक इंटरव्यू में दिव्या ने अपनी जर्नी के बारे में बात की थी और बताया था कि वह कभी काम को लेकर भूषण से मदद नहीं मांगती हैं। दिव्या ने कहा था, मैं कभी काम के लिए अपने पति पर निर्भर नहीं रही हूं। जब मैंने यारियां बनाई। उन्होंने स्क्रिप्ट तक नहीं सुनी। जब वह हिट हो गई तो उन्हें कॉन्फिडेंस आया कि मैं डायरेक्ट कर सकती हूं। वह काफी सपोर्टिव रहे हैं, लेकिन मैं उन पर निर्भर नहीं रही हूं। मेरा मानना है कि आपको अपने पार्टनर को उतना स्पेस तो देना चाहिए। बता दें कि बॉलीवुड में इन दिनों तेजी से अलग होने के समाचार सामने आ रहे हैं। कुछ दिनो पूर्व ही धर्मेन्द्र और हेमामालिनी की बेटी ईशा भरत तख्तानी ने अपने पति भरत तख्तानी से तलाक लिया था। इनके तलाक से पहले इनके अलग होने के समाचार आने लगे थे।



# डॉन के बारे में लोगों के पास कहने के लिए बहुत कुछ हैं :रामपाल

बालीवुड एकटर रणवीर सिंह को लेकर डॉन 3 का निर्माण करने जा रहे फरहान अख्तर के बारे में कहा जा रहा है कि उन्होंने इस बेहतरीन फेंचाइजी को गलत सितारे के हाथों में सौंप दिया है। वहीं रणवीर सिंह के प्रशंसकों का कहना है कि डॉन के बाद रणवीर के करियर में एक अलग ही उछाल आएगा। कयासों और बहस के बीच अर्जुन रामपाल ने इस बारे में अपने विचार व्यक्त किए हैं। शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किए जाने के बारे में अर्जुन रामपाल ने कहा कि लोगों के पास कहने के लिए बहुत की बातें हैं कि क्यों शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को लिया गया। अर्जुन रामपाल ने कहा कि दोनों ही स्टार्स का अपना-अपना फेन बेस है और दोनों के फॉलोअर्स आपस में भिड़े हुए हैं। अर्जुन रामपाल ने कहा कि ठीक ऐसा ही हुआ था जब अमिताभ बच्चन ने पहली डॉन की और बाद में शाहरुख खान को यह भार नई वाली डॉन में उठाना था। अर्जुन रामपाल ने कहा, मुझे लगता है कि यह कमाल की फेंचाइसी होगी। एक्टर ने कहा, यह उन फेंचाइजीस में से एक होगी जिसके बारे में हमें एक्साइटेड और प्राइड फील करना चाहिए। यह कुछ-कुछ बॉन्ड सीरीज की तरह है। देखिए बॉन्ड सीरीज में भी वक्त के साथ चीजें लगातार बदलती रही हैं, तो मुझे लगता है कि यह बहुत नैचुरल है। यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है। रणवीर सिंह को डॉन के किरदार में देखना बहुत दिलचस्प होगा। अर्जुन कपूर ने कहा कि वो फरहान अख्तर को एक और फिल्म निर्देशित करते हुए देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। बीते फरहान अख्तर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट करके बताया कि कियारा आडवाणी भी डॉन की कास्ट का हिस्सा होंगी। मालूम हो कि अमिताभ बच्चन वाली डॉन साल 1978 में रिलीज हुई थी। इसके बाद साल 2006 में शाहरुख खान वाली डॉन रिलीज हुई। इसके बाद साल 2011 में इसका सीक्वल आया जिसमें ऋतिक रोशन का स्पेशल अपीयरेंस था। बता दें कि फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित डॉन 3 की जब से घोषणा हुई है तब से इसकी कास्टिंग को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# सेक्टर-50 में नवनिर्मित क्लब का शुभारंभ, कई योजनाओं का शिलान्यास



**नोएडा ( चेतना मंच )।** रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-50 नोएडा में नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नवनिर्मित सामाजिक और सांस्कृतिक क्लब सेक्टर-50 का उद्धघाटन गौतमबुद्धनगर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा एवं नोएडा के विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। जिसमें सेक्टर के आरडब्लूए के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, सेक्टर-50 एफ ब्लॉक के अध्यक्ष डी. शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि मिश्रा, एन.इ.ए. के अध्यक्ष विपिन मल्हन, फोनरवा के अध्यक्ष योगिन्दर शर्मा एवं सेक्टर के लगभग 200 व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

इस दौरान करीब 9.68 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया।

सभी परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का सांसद व विधायक द्वारा सेक्टर-50 में किया गया। सेक्टर-50 वाले क्लब का निर्माण करीब 4.30 एकड़ भूमि पर कराया गया है। इसमें लगभग 534.80 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। क्लब की सुविधाओं के लिए पार्टी हॉल, रेस्टोरेंट, किटी रूम, जिम, दूल्हा-दुल्हन का रूम, कार्यालय, गार्डन और लिफ्ट आदि लगाई गई है। इस क्लब से स्थानीय लोगों को बड़ा फायदा होगा।

इसके अलावा सेक्टर-50 में वेदांता हॉस्पिटल और एसबीआई बैंक के बीच में 75 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण कार्य करवाया गया, इसमें 88.84 लाख रुपये खर्च किए गए। सेक्टर-50 में सी, डी और ए ब्लॉक में टाइल्स बिछाने का काम किया गया। जिसमें 112.86 लाख रुपये खर्च किए गए। इसके अलावा शशि चौक से महामाया फ्लाईओवर के समीप सेक्टर-44 में यू-टर्न तक एमपी-3 मार्ग बनाया गया, जिसमें 231.06 लाख रुपये खर्च किए गए।

इस दौरान प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल, डीजीएम (सिविल) विजय रावल आदि मौजूद थे।

# 'गांवों को मजबूत करने का मंत्र है ग्राम परिक्रमा यात्रा'




**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर के द्वारा 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' का कार्यक्रम सम्पन्न हुए। यह कार्यक्रम ग्राम सुल्तानपुर सेक्टर-128 नोएडा के प्रधान सुरेन्द्र त्यागी के निवास पर किया गया। कार्यक्रमों की अध्यक्षता ओमवीर अवाना द्वारा की गई एवं मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल थे।

प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा हर गांव को मजबूत करने का एक सूत्र है। हर कार्यकर्ता को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर हर गांव को मजबूत करने का अनुरोध किया।

ओमवीर अवाना ने किसान भाइयों से अपने विचार सांझा करते हुए योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा अपने किसान भाईयो के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि यादव, सुशील शर्मा, महामंत्री मुक्तानंद शर्मा, घनश्यान यादव, जिला मंत्री विष्णु शर्मा, अभय त्यागी, प्रदीप त्यागी, मुकेश शर्मा, लीलू अवाना,जिला मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी, पप्पू शर्मा, सतपाल अवाना, सत्यप्रकाश प्रधान, अनिल मास्टर, सर्वेश कुमार, विजय अवाना, संजीव पटेल, विकास शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद के अध्यक्ष बने अनिल अग्रवाल




**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत विकास परिषद की नोएडा शाखा की वार्षिक आम सभा सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 12 में सम्पन्न हुई जिसने वर्ष 2024 एवम 25 की नयी कार्यकारिणी का चयन हुया। अनिल कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष, अभय अग्रवाल को सचिव अवाम अजय सरीन को कोषाध्यक्ष चुना गया। श्रीमती नैना गोयल को महिला संयोजिका के लिए मनोनीत किया गया। शाखा का चुनाव कवित बंसल ने कराया।

इस कार्यक्रम में विपिन मालहान, प्रताप मेहता, विनय शर्मा, पंकज जिंद, टीएन चोरेशिया, अतुल वर्मा, राजीव आज़मानी, टी एन गोविल, महएसएच गुप्ता, राजीव अग्रवाल, राकेश कत्याल, केशव गंगाल,मनोज गोयल उपस्थित थे। इससे पूर्व कुलदीप गुप्ता ने इस वर्ष के किए कार्यों का विवरण दिया और खाटू श्याम कार्यक्रम के सफल संयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

# धमकी देना छुटभैया नेता को पड़ा भारी!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दनकौर थाने के गांव सलारपुर निवासी विवेक कुमार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह के पैसे ना देना तथा पैसा मांगने पर धमकी देना एक छुटभैये नेता को काफी महंगा पड़ा। पीड़ित विवेक की शिकायत पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।

इस जांच कमेटी में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को अध्यक्ष तथा एसडीएम सदर एवं सहायक पुलिस आयुक्त (तृतीया) को सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी जांच करके जिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। पीड़ित विवेक कुमार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह ने 6 फरवरी को जिलाधिकारी को लिखित शिकायत की थी जिसमें उसने आरोप लगाया था कि संजय कुमार पुत्र कंचन निवासी मोहल्ला सालियान कस्बा जेवर पर उसके पैसे हैं। जब उसने पैसे मांगे तो संजय कुमार ने अपने सरकारी गनर के जरिए धमकी दी कि तुम्हारे पैसे कोर्ट के द्वारा दूंगा। अगर तुमने मोबाइल पर कॉल किया तो तुम्हारे खिलाफ एससी एक्ट लगवाकर जेल की हवा खिलाऊंगा।

जिलाधिकारी ने पीड़ित विवेक की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद में डीएम ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

आरोप है कि संजय कुमार एक छुटभैया नेता है तथा किसी तरीके से सरकारी गनर लेकर अक्सर लोगों को धमकता रहता है।




**मन की बात** | सेक्टर-50 में मोदी के मन की बात का लाइव प्रसारण देखते सांसद डा. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, पं. रविकांत मिश्रा व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए फेलिक्स हॉस्पिटल सम्मानित




**नोएडा ( चेतना मंच )।** नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित इम्पीरियल होटल में शनिवार को बीडब्ल्यू हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड्स का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर क्वालिटी एवं सेफ्टी ट्रीटमेंट के लिए फेलिक्स हॉस्पिटल को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के में फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ.डीके गुप्ता, डायरेक्टर डॉ रश्मि गुप्ता एवं जनरल मैनेजर पायल भयाना मौजूद रहे।

डॉ. डी.के. गुप्ता ने कहा कि हमारे लिए रोगी का बेहतर इलाज ही सर्वोपरि है इसलिए हम अस्पताल में NABH द्वारा निर्धारित हर मानक की बहुत ही बारीकी से जाँच करते है।

इस मौके पर संजीव नवांगुल, सीईओ और एमडी, भारत सीरम एंड वैक्सीन्स लेफ्टिनेंट, डॉ. अनुराग बत्रा, चेयरमैन, एडिटर-इन-चीफ-बीडब्ल्यू बिजनेसवर्ल्ड और संस्थापक- एक्सचेंज 4 मीडिया, सुधीर मिश्रा, संस्थापक और प्रबंध भागीदार, ट्रस्ट लीगल, हरबिंदर नरूला, सीईओ, बीडब्ल्यू हेल्थ केयर वर्ल्ड और बीडब्लू मौजूद रहे।

# सरस मेले में लोगों ने जमकर की खरीददारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण




विकास और पंचायती राज संस्थान द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में दसवें दिन लोगों, विशेषकर महिलाओं तथा युवतियों ने जमकर खरीददारी की। रविवार को छुट्टी के दिन मेले में सभी राज्यों के उत्पादों की जमकर खरीददारी हुई। मेले में रविवार को विभिन्न राज्यों के आकर्षक उत्पादों, खासकर हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट्स की जमकर खरीददारी की गई। आंध्र प्रदेश के फूड प्रोडक्ट्स की लोगों ने जमकर खरीददारी की।



आंध्रा के ही हैंडीक्राफ्ट उत्पाद जैसे वुड कार्विंग लोगों की खासी पसंद बने। असम के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की खासी धूम रही। असम से ही हैंडीक्राफ्ट के बम्बू प्रोडक्ट्स की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। उधर बिहार के सत्तू लोगों की पसंद बने। छत्तीसगढ़ के मसाले लोगों को खूब भा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ही हैंडीक्राफ्ट बैल मेटल ने खासी धूम मचा रखी है। इसके



साथ ही विभिन्न राज्यों के महिला समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों की भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्नपटना खिलौना मेले में उपलब्ध हैं।

